दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 292
कोटद्वार बुधवार
1 मार्च 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## पीएम मोदी के छोटे भाई प्रह्लाद मोदी चेन्नई के अस्पताल में भर्ती

**चेन्नई एजेंसी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छोटे भाई प्रह्लाद मोदी को गुर्दे की बीमारी के कारण चेन्नई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने ये जानकारी दी है। चेन्नई में अयनंबक्कम के अस्पताल के सूत्रों ने अधिक जानकारी दिए बिना बताया कि उनकी हालत स्थिर है।

प्रह्लाद मोदी, जो अल इंडिया फेयर प्राइस शप डीलर्स फेडरेशन के उपाध्यक्ष भी हैं, अपने परिवार के साथ आध्यात्मिक दौरे पर हैं और उन्होंने मदुरै मीनाक्षी मंदिर, रामेश्वरम मंदिर और कन्याकुमारी देवी मंदिर का दौरा किया था। उनके स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में और जानकारी की प्रतीक्षा है

## मुंबई लोकल ट्रेन की तीन बोगियां पटरी से उतरी, कोई हताहत नहीं

**मुंबई एजेंसी ।** मध्य रेलवे की उरण लाइन पर मंगलवार को मुंबई उपनगरीय लोकल ट्रेन की तीन बोगियां पटरी से उतर गईं। इसके बाद ट्रेनों का अस्थायी रूप से परिचालन रोक दिया गया। सीआर अधिकारियों ने कहा कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। मध्य रेलवे के मुख्य प्रवक्ता शिवाजी सुतार के मुताबिक, बेलापुर से खारकोपर जाने वाली ट्रेन सुबह 846 बजे पटरी से उतर गई, लेकिन किसी यात्री को कोई चोट नहीं आई।

## पंजाब से बाहर होगी बरगाड़ी बेअदबी केस की सुनवाई: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली एजेंसी ।** बरगाड़ी बेअदबी केस में डेरा प्रेमियों की मांग को सुप्रीम कोर्ट ने मान लिया है। अब बेअदबी केस की सुनवाई पंजाब से बाहर होगी। दरअसल महिंदर पाल बिट्टू एवं प्रदीप कटारिया की मौत का हवाला देते हुए डेरा प्रेमियों द्वारा अपनी जान को खतरा बताते हुए केस की सुनवाई पंजाब से बाहर करने की मांग की गई थी।

बेअदबी केस के आरोपी महिंदर पाल बिट्टू और प्रदीप कटारिया की हत्या के बाद आरोपियों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इस मामले के अन्य आरोपी शक्ति सिंह व अन्य की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस अनुराधा बोस और जस्टिस सुधांशु धुलिया की बेंच ने यह आदेश दिया है।

## टीएमसी का आधिकारिक ट्विटर अकाउंट हैक, नाम और प्रोफाइल पिक्चर बदली

**नई दिल्ली एजेंसी ।** तृणमूल कांग्रेस के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट को मंगलवार को हैक कर लिया गया। हैकर ने टीएमसी के ट्विटर अकाउंट की प्रोफाइल पिक्चर और नाम को बदल दिया। ट्विटर हैंडल का नाम बदलकर श्युग लैब्स कर दिया गया। दरअसल, युग लैब्स अमेरिका स्थित एक ब्लकचेन टेक्नोलजी कंपनी है, जो एनएफटी और डिजिटल संग्रह विकसित करती है।

# मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने मंत्री पद से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी। मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने अपने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दोनों का इस्तीफा भी मंजूर कर लिया है। बता दें कि मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने दिल्ली की नई आबकारी नीति (2021-22) घोटाला मामले में गिरफ्तार किया था, जिसके बाद सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश करने के बाद अदालत ने उन्हें पांच दिन (4 मार्च तक) की सीबीआई रिमांड में भेज दिया था। वहीं, सत्येंद्र जैन को 30 मई को गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह तिहाड़ जेल में बंद हैं।

सूत्रों के अनुसार, दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के विभाग दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कैलाश गहलोत और राज कुमार आनंद को दिया जा सकते हैं। फिलहाल कोई नया मंत्री शपथ नहीं लेगा।

आबकारी नीति मामले में




मुश्किलों में फंसे मनीष सिसोदिया ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सिसोदिया की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि आपके लिए दिल्ली हाई कोर्ट में जमानत याचिका सहित विभिन्न कानूनी उपाय उपलब्ध हैं।

भाजपा नेता रवि शंकर प्रसाद ने प्रेस वार्ता में कहा कि मनीष सिसोदिया व सत्येंद्र जैन का इस्तीफा भाजपा की बड़ी जीत है। भाजपा के आंदोलन के कारण उन्हें पद छोड़ना पड़ा। सिसोदिया के अंदर थोड़ी भी नैतिकता होती तो वह आरोप लगने वाले दिन ही इस्तीफा दे देते। 18 विभाग संभालने की बात कर जेल जाने से राहत मांग रहे थे। जमानत नहीं मिलने पर इस्तीफा दे दिया।

उनके इस्तीफा देने के कारण नौ माह से जेल में बंद जैन को भी पद छोड़ना पड़ा। जैन से पिछले काफी समय से इस्तीफे की मांग की जा रही थी। वह बिना विभाग के मंत्री रहकर जेल में क्या कर रहे थे सभी ने देखा है। केजरीवाल की ईमानदारी का चोला उतर गया है। आप के दामन में बहुत दाग है। जांच बढ़ने पर अभी कई मामले सामने आएंगे। इनमें शिक्षा, वित्त, योजना, भूमि और भवन, सेवाएं, पर्यटन, कला-संसति और भाषा, जागरूकता, श्रम और रोजगार, लोक निर्माण विभाग के अलावा स्वास्थ्य, उद्योग, बिजली, गृह, शहरी विकास, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण व जल विभाग शामिल हैं। सिसोदिया दिल्ली सरकार में सबसे प्रभावशाली मंत्री थे। राज्य सरकार के सभी बड़े मंत्रालय उन्हीं के पास थे। सिसोदिया सीएम केजरीवाल के सबसे भरोसेमंद नेता हैं।

सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी के बाद उनके छह विभाग भी सिसोदिया ही संभाल रहे थे। सत्येंद्र जैन दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे। गिरफ्तारी के करीब नौ महीने बाद जैन ने अपने मंत्री पद से इस्तीफा दिया है।

### मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं, हाईकोर्ट का रुख करना पड़ेगा

**नई दिल्ली ।** शराब नीति केस में गिरफ्तार दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आज सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली। कोर्ट ने उन्हें जमानत के लिए हाईकोर्ट जाने की सलाह दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक- सुको जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा- आपको हाईकोर्ट जाना चाहिए था, सीधे सुप्रीम कोर्ट से जमानत क्यों मांग रहे हैं। आप अनुच्छेद 32 के तहत यहां क्यों आए। यह अच्छी और ठीक परंपरा नहीं है। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ और जस्टिस नरसिम्हा की बेंच के सामने मनीष सिसोदिया का पक्ष रखा।

### सीएम केजरीवाल ने किया मंजूर

# सौतेले बाप ने किया नाबालिग बेटी से दुष्कर्म

हरिद्वार। कनखल क्षेत्र से पिता पुत्री के रिश्ते को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। एक सौतेले पिता ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। परेशान होकर जैसे तैसे हिम्मत कर पीड़िता पुलिस के पास पहुंची और आपबीती घटना बयां की। पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार शाम कनखल थाने पहुंची एक 16 वर्षीय किशोरी ने पुलिस के समक्ष आपबीती बयां की। किशोरी ने बताया कि उसका सौतेला पिता कई बार उसके साथ दुष्कर्म कर चुका है। विरोध करने पर हत्या कर देने की धमकी देता है। कनखल पुलिस ने आनन फानन में पीड़िता की शिकायत पर पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और आरोपी को हिरासत में लेकर उससे भी सख्ती से पूछताछ की। थानाध्यक्ष नरेश राठौड़ ने बताया कि पेशे से दर्जी पिता मूल रूप से बागपत यूपी का रहने वाला है। पिछले चालीस वर्षों से यहां रह रहा है। उसकी पहली पत्नी की मौत हो गई थी। जिसके बाद वर्ष 2014 में आरोपी ने मेरठ की रहने वाली महिला से दूसरी शादी कर ली। जिसकी पहले पति से एक बेटी थी। वह अपनी बेटी को अपने साथ ले आई थी। बताया कि आरोपी के पहली पत्नी से भी तीन बच्चें हैं और वह भी साथ ही रहते हैं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी को जब भी मौका मिलता था, वह उसके साथ दुष्कर्म करता था। मौजूदा पत्नी दिव्यांग है। उसे मिर्गी के दौरे भी पड़ते हैं। पीड़िता पढ़ाई नहीं कर रही है। वह सिलाई सीख रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। इधर, पीड़ित किशोरी का मेडिकल परीक्षण करा रहे हैं, जिसके बाद उसे बयान के लिए कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# यूट्यूबर स्वाति नेगी को हाईकोर्ट से राहत

**हल्द्वानी।** हाईकोर्ट ने भगवा झंडे पर सवाल उठाने वाली यूट्यूबर स्वाति नेगी को राहत देते हुए उनके खिलाफ किसी भी तरह की जांच पर रोक लगा दी है। साथ ही पुलिस से जवाब मांगा है कि मामले में आईपीसी की धारा 153ए व 295ए किस आधार पर लगाई गई हैं। मामले की सुनवाई न्यायाधीश न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी की एकलपीठ में हुई। मामले के अनुसार कोटद्वार निवासी स्वाति नेगी की ओर से नैनीताल के डीएसए मैदान में एक ब्लग बनाया गया था। जिसमें यहां लहरा रहे भगवा झंडे पर सवाल खड़े किए थे। स्वाति का यह वीडियो तेजी से वायरल हुआ। जिसके बाद हिन्दूवादी संगठनों ने इसे हिन्दुओं का अपमान बताते हुए कार्रवाई की मांग की। मल्लीताल कोतवाली में कई शिकायती पत्र दिए। जिस



पर पुलिस ने स्वाति के खिलाफ मामला दर्ज कर गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। पुलिस की कार्रवाई को स्वाति ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। जिसमें उसके खिलाफ दर्ज की गई एफआ-ईआर को निरस्त करने की मांग की गई। कोर्ट ने मामले को सुनने के बाद पुलिस की का-र्रवाई पर मौखिक रूप से कड़ी टिप्पणी की। एफआईआर की जांच पर रोक लगाते हुए पुलिस से जवाब देने को कहा है। मामले में अगली सुनवाई के लिए 12 मई की तिथि नियत की गई है।

## बंद कमरे पर तू-तू, मैं-मैं, अखिलेश-शिवपाल पर कांग्रेस का तंज, सपा ने दिया करारा जवाब

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र की शुरुआत से ही यहां का सियासी पारा चढ़ा हुआ है। सत्र जारी है और इस बीच उमेश पाल हत्याकांड ने सियासी गलियारे में हड़कंप मचा दिया है। सभी प्रमुख राजनीतिक दल चाहे भारतीय जनता पार्टी हो या समाजवादी पार्टी, कांग्रेस हो या बहुजन समाज पार्टी कोई भी आरोप लगाने का मौका नहीं छोड़ रही है। आरोप प्रत्यारोप का यह दौर अब सिर्फ सदन तक सिमट कर नहीं रह गया है, बल्कि अब सोशल मीडिया पर भी नजर आ रहा है। सपा मुखिया अखिलेश यादव के निशाने पर बजट के साथ ही प्रदेश की कानून-व्यवस्था और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। इन सबके बीच ट्विटर पर भाजपा को लेकर कांग्रेस और सपा में वर चल रहा है।

# मंत्रियों-विधायकों को नहीं मिलेंगे संपर्क अधिकारी, बिना आईडी वाहनों की एंट्री नहीं

देहरादून । गैरसैंण में विधानसभा के ग्रीष्मकालीन सत्र के दौरान मंत्रियों, विधायकों, अधिकारियों को संपर्क अधिकारी नहीं मिलेंगे। वहीं, विधानसभा में प्रवेश के लिए मंत्री के दो और विधायक के एक आगंतुक ही मान्य होंगे। बजट सत्र के दौरान विधानसभा के कर्मचारियों को भी बिना प्रवेशपत्र वाहन भीतर ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

मंगलवार को 13 मार्च से शुरू होने जा रहे पांचवीं विधानसभा के बजट सत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने विधानसभा भवन में शासन, पुलिस प्रशासन और विभागों के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने



विधानसभा सचिवालय और पुलिस विभाग के अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाकचौबंद रखने के निर्देश दिए। बैठक में तय किया गया कि विस सत्र के दौरान विस के कर्मचारी भी बिना वाहन प्रवेशपत्र के विधानसभा परिसर में वाहन नहीं ले जा सकेंगे। विधायकों की सिफारिश पर एक और मंत्रियों की सिफारिश पर दो आगंतुकों को प्रवेशपत्र जारी किए जाएंगे।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी अधिकारी, मंत्री और विधायकों को संपर्क अधिकारी (एलओ) नहीं दिए जाएंगे। उन्होंने स्कूल और कलेज के छात्रों को सदन की कार्रवाई देखने के लिए आमंत्रित करने को कहा। सत्र की कार्यवाही की वीडियो रिकर्डिंग व वेब कास्टिंग सूचना एवं लोक संपर्क विभाग व आईटीडीए की ओर से की जाएगी। सत्र के दौरान अग्निशमन दल के अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

चिकित्सा विभाग आवश्यक चिकित्सा दल, दवाओं, एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल और सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। बैठक में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, महानिदेशक सूचना एवं जनसंपर्क बंशीधर तिवारी, मंडलायुक्त गढ़वाल सुशील कुमार, एडीजी ल एंड आर्डर वी मुरुगेशन, एडीजी इंटेलिजेंस एपी अंशुमन, आईजी गढ़वाल केएस नगन्याल, एसपी चमोली पीएस डोभाल, अपर सचिव आईटी विजय कुमार सहित शासन-प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने जिलाधिकारी चमोली को महिला स्वयं सहायता समूहों की ओर से निर्मित स्थानीय व्यंजनों के स्टल विधानसभा परिसर में लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह को इससे बढ़ावा मिलेगा।

# तीन मार्च को राज्यपाल करेंगे वसंतोत्सव का शुभारंभ

### बैग और पलिथीन ले जाने पर रहेगी रोक

**देहरादून।** देहरादून राजभवन में वसंतोत्सव के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से आगंतुकों के बैग ले जाए जाने पर रोक लगाई गई है।

इसके अलावा पलिथीन को भी प्रतिबंधित किया गया है। राजभवन सचिवालय में सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन ने 3 से 5 मार्च तक आयोजित होने वाले वसंतोत्सव-2023 की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने इसके निर्देश दिए।

सचिव राज्यपाल ने कहा वसंतोत्सव को लेकर समय से सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। उन्होंने पुष्प प्रदर्शनी के दौरान ट्रैफिक व पार्किंग की समुचित



व्यवस्था के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा वसंतोत्सव में आने वाले आंगतुकों के लिए पीने के पानी सहित मोबाइल टयलेट आदि की व्यवस्था की जाए।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए संसति विभाग से आवश्यक समन्वय स्थापित किया जाए। सचिव ने कहा कि यह वर्ष अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, इसके लिए हमें अधिक से अधिक मिलेट्स फसलों को प्रचारित करने पर विशेष फोकस करना होगा।

## राज्यपाल गुरमीत सिंह ने की नई दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने नई दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति के रूप में श्री कोविंद के स्वर्णिम कार्यकाल एवं उनके उत्तराखण्ड प्रवास की कुछ यादें साझा कीं।

## जयन्त कोटद्वार नाम के समाचार पत्र से संबंधित ब्यौरा

### फार्म-4 (नियत 8)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन स्थान- | कोटद्वार (गढ़वाल) उत्तराखण्ड |
| 2. | प्रकाशन की अवधि | -दैनिक |
| 3. | मुद्रक का नाम | -नागेन्द्र उनियाल |
| 4. | क्या भारत का नागरिक है | -हां |
| 5. | प्रकाशक | -नागेन्द्र उनियाल |
| 6. | क्या भारत का नागरिक है | -हां |
| 7. | पता | -बदरीनाथ मार्ग,कोटद्वार (गढ़वाल) उत्तराखण्ड |
| 8. | संपादक का नाम | -नागेन्द्र उनियाल |
| 9. | क्या भारत का नागरिक है | -हां |
| 10. | पता | -बदरीनाथ मार्ग, कोटद्वार (गढ़वाल) उत्तराखण्ड |
| 11 | उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हैं तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | -एकल स्वामित्व नागेन्द्र उनियाल -बदरीनाथ मार्ग, कोटद्वार (गढ़वाल) उत्तराखण्ड |

मैं नागेन्द्र उनियाल एतदद्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार उपरोक्त विवरण सत्य है।

(ह0) नागेन्द्र उनियाल
(प्रकाशक)

दिनांक 01 मार्च 2023

# यमुनोत्री धाम की यात्रा को तैयारियां तेज

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री धाम की यात्रा के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। थाना बड़कोट में पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने यात्रा से जुड़े लोगों के साथ बैठक कर सुझाव मांगे। साथ ही पुलिस यात्रा व्यवस्था में बाधक बनने वाले पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही का भरोसा दिया। यमुनोत्री धाम के लिए 10 मार्च से घोड़ा खच्चर डण्डी कण्डी मजदूरों का पंजीकरण आरम्भ करने की तिथि



भी घोषित हो गयी है।

चारधाम यात्रा नजदीक है। इस बार यात्रा शुरू होने से चार महीने पहले जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला और पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने लगातार बैठकों के साथ यात्रा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया है। यमुनोत्री धाम के मुख्य पड़ाव बड़कोट थाने में पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने होटल एसोशियेशन, ट्रैक्सी मैक्सी कैब एशोसिएशन, व्यापार मण्डल सदस्यों सहित जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए सुझाव मांगे। इस दौरान होटल एसोसिएशन अध्यक्ष सोबन सिंह राणा ने कहा कि यमुनोत्री धाम आने वाले देश विदेश के आम श्रद्धालुओं के वाहनों को जगह जगह चेकिंग के नाम पर रोका जाता है जो उनके गन्तव्य तक पहुंचने के लिए बाधक हो जाता है। उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी जनपद में यात्रियों को अनावश्यक न रोका जाय। रानाचट्टी निवासी भजन सिंह, महावीर सिंह माही ने कहा कि स्यानाचट्टी से उपर जानकीचट्टी खरसाली तक अवैध शराब की तस्करी हो रही है तथा रानाचट्टी में मांस की दुकान की अनुमती मिलने पर आम लोगों में भारी नाराजगी है उन्होंने कहा कि यमुनोत्री धाम के क्षेत्र में अवैध अंग्रेजी शराब एवं मास व अंडे की बिक्री पर रोक लगे। बैठक में यमुनोत्री मोटर रोड में सुधार, टैक्सी चालकों द्वारा ओवर किराया न लिये जाने तथा यात्रा के दौरान गांव के लिंक मार्गों पर वाहनों की सुविधा रखने सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई।



# मुख्यमंत्री ने किया लोहियाहेड पावर हाउस का निरीक्षण

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार सायं को खटीमा स्थित लोहिया हेड पावर हाउस का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने पावर हाउस का निरीक्षण कर विद्युत उत्पादन आदि की स्थिति का जायजा लिया तथा कार्यरत कार्मिकों से भी आवश्यक जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने पावर हाउस को पूरी क्षमता के साथ संचालित करने के भी निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों एवं अभियन्ताओं को दी है।

## कर्णप्रयाग में सर्वेक्षण कार्य शुरु

चमोली। नगर पालिका क्षेत्र कर्णप्रयाग में कुछ मकानों आ रही दरारों लेकर उच्च स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञों का सर्ण दल सोमवार को कर्णप्रयाग पहुंचा। दल ने प्रभावित क्षेत्रों में सर्वेक्षण कार्य शुरू कर दिया है। सर्वेक्षण टीम भूधंसाव कारणों का गहन अध्ययन करने के उपरांत शीघ्र ही अपनी रिपोर्ट शासन को प्रेषित करेगी। जिससे भूधंसाव समस्या का जल्द से जल्द निदान किया जा सके। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एन के जोशी ने बताया सर्वेक्षण दल में उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तकनीकी विशेषज्ञ डा.सांतनु सरकार, आईआईटी रूडकी से डॉ.शारदा प्रधान, सीबीआरआई से डॉ.कौशिक पंडित, जीएसआई से संदीप, पवन तथा आईआईआरएस से प्रसुन्न कुमार गुप्ता आदि शामिल है। सर्वेक्षण के दौरान कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित एसडीएम हिमांशु कफल्टिया, तहसीलदार देव सिंह, आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी आदि मौजूद थे।

# कौथिग फाउंडेशन, मुंबई से आये प्रतिनिधिमंडल ने की सीएम धामी से भेंट

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर कौथिग फाउंडेशन, मुंबई से आये प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के विकास में प्रवासी उत्तराखंडवासियों की भी अहम भूमिका है। उन्होंने उत्तराखंड @ 25 मिशन में प्रवासी उत्तराखंड वासियों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को देश का अग्रणी एवं आदर्श राज्य बनाया जाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के बाहर हमारे प्रवासी राज्यवासी हमारे ब्राण्ड एंबेसडर भी है। देश में राज्य की बेहतर छवि बनाने में भी उन्होंने प्रवासियों से सहयोगी बनने को कहा है।

कौथिग फाउंडेशन के महासचिव केशर सिंह बिष्ट ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि



कौथिग फाउंडेशन मुंबई में प्रवासी उत्तराखंडवासियों का प्रमुख संगठन है। विगत 13 वर्षों से कौथिग फाउंडेशन द्वारा कौथिग का आयोजन किया जा रहा है। इस बार उत्तराखंड में सिनेमा थीम रखी गयी है। कौथिग फाउंडेशन द्वारा मुख्यमंत्री जी को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के लिए आमंत्रित किया था, मुख्यमंत्री को भेंट स्वरूप अरसा भेंट किया।

इस अवसर पर चारधाम हॉस्पिटल के ड़ॉ के.पी.जोशी, सुरेंद्र बिष्ट, कांता प्रसाद, बलवंत सिंह पंवार आदि शामिल थे।

# होली नजदीक आते ही नकली मावा स्टॉक करने लगे व्यापारी



सितारगंज। होली करीब आते ही कारोबारी मिलावटी और नकली मावा मंगाकर स्टॉक करने में लगे हैं। अभी बाजार में मावा 300–400 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा है। लेकिन, होली पर कारोबारी और कई लोग निजी स्तर पर भी प्रयोग के लिए मावा की अग्रिम बुकिंग कराने में लगे हैं। इधर, खाद्य सुरक्षा विभाग मार्च शुरू से अभियान चलाने की बात कह रहा है।

नकली मावा बनाने में इनका होता है प्रयोग

होली, दिवाली और अन्य महत्वपूर्ण त्योहार पर मिलावट के कारोबारी सक्रिय हो जाते हैं। नकली मावा बनी मिठाई खाने से स्वास्थ्य के लिए खतरा होता है। कई बीमारी होने की संभावना चिकित्सक जताते हैं। नकली मावा बनाने में दूध में यूरिया के अलावा डिटर्जेंट पाउडर और निम्न गुणवत्ता का वनस्पति घी इस्तेमाल किया जाता है। इसके बनाने में सिंथेटिक दूध प्रयोग होता है। सिंथेटिक दूध बनाने में मात्र 10 ग्राम वॉशिंग पाउडर, 800 एमएल रिफाइंड तेल और सिर्फ 200 एमएल दूध को आपस में मिलाया जाता है। इसके प्रयोग से कम लागत में दूध तैयार होने से इससे बना मावा भी शुद्ध मावा से काफी सस्ता पड़ता है। इसे अधिक मुनाफे में बाजार में बेंचकर मोटी कमाई का खेल होता है।

**ऐसे परखें मिलावट**

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अर्पणा साहा बताते हैं कि मावा मिलावटी या नकली है इसकी पहचान आसान है। सबसे पहले मावा में थोड़ी सी चीनी डालकर कढ़ाही में गर्म करने रख दें। अगर थोड़ी देर बाद यह पानी छोड़ने लगे तो इसका मतलब साफ है कि मावे में मिलावट है। सब स्टैंडर्ड की पहचान चिकनाई कम होना ही प्रमुख रूप से है। मैदा और स्वीट पोटैटो की मिलावट से नुकसान होता है।

## मेयर ने किया बापूग्राम में सड़क का शिलान्यास

ऋषिकेश। मेयर अनिता ममगाईं ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण सड़कों के निर्माण के जरिए नगर निगम शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के आवागमन को सुगम बनाने में जुटा है। विभिन्न वार्डों में नगर निगम का सड़क अभियान निरंतर जारी है। मंगलवार को बापूग्राम क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में मेयर अनिता ममगाईं ने 4.98 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि किसी भी शहर का विकास उसकी सड़कों से परखा जाता है। उनका प्रयास रहा है कि नगर निगम क्षेत्र की सड़कों का लगातार सुधार कर जनता को राहत पहुंचाई जा सके। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संतुलन कायम कर लगातार चरणबद्ध तरीके से सड़कों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

# संवेदना समूह के कलाकारों ने बांधा समां

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी जिले की स्थापना दिवस के मौके पर डुंडा में आयोजित पांच दिवसीय विकास एवं सांस्कृतिक मेले के अंतिम दिन लोक नाट्य दल संवेदना समूह के कलाकारों के नाम रहा।

इस मौके पर समूह के कलाकारों ने गढ़वाली एवं कुमांउनी गीतों की प्रस्तुती के साथ ही मां रेणुका व कचड़ू देवता की स्तुती गाकर पंडाल में बैठे दर्शकों का समा बांधे रखा।

मां रेणुका संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण समिति की ओर से डुंडा में आयोजित पांच दिवसीय विकास एवं सांस्कृतिक मेले की पांचवे दिन मंगलवार को लोक नाट्य दल संवेदना समूह के कलाकारों ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां रेणुका देवी व क्षेत्र के अराध्य कचड़ू देवता गीत की स्तुती से की।

वहीं इस के बाद समूह के कलाकारों ने कुमांऊ एवं गढ़वाल की लोक संस्कृति पर आधारित रासौ नृत्य करने के साथ ही लोक गीत तेरी मेरी माया का गीत, तेरी कानों की बाली, हे नंदा ढोल दमाऊ बाजी आदि गीतों की प्रस्तुती दी और पंडाल में बैठे दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

इस मौके पर बतौर मुख्यतिथि पहुंचे पूर्व विधायक गंगोत्री विजय पाल सिंह सजवाण एवं कर्नल दीपक पाटिल ने किया। इस मौके पर उन्होंने मां रेणुका देवी मंदिर में पूजा अर्चना की ओर क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कहा कि गत वर्ष 8 पूर्व तत्कालीन प्रमुख कनक पाल व ठाकुर स्व. गजेन्द्र पाल परमार के सहयोग से इस मेले की नींव रखी गई थी। जिसको आज स्वास्थ्य जागरूकता एवं विकास मेले के रूप में हर वर्ष संचालित किया जा रहा है। वहीं मेला समिति के अध्यक्ष राजदीप परमार ने मेला समापन के अवसर पर समिति के पदाधिकारियों सदस्यों एवं ग्रामीणों का आभार जताया और आगामी वर्षों में मेले को और भव्य स्वरूप प्रदान करने के बात की।

इस मौके पर समिति के संरक्षक ठाकुर महेन्द्र पाल परमार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कविता परमार, पदम दत्त जोशी, जय प्रकाश राणा, अजय नौटियाल, सुशील जोशी, राजेन्द्र भट्ट,संवेदना समूह के संजय पंवार, सुधा, अंजलि, स्वाती, दीपा गुसांई, अंकित, राजेन्द्र जोशी सहित सैकड़ो मेलार्थी मौजूद रहे।

## एक नजर

### चतुर्थ वर्गीय कर्मियों ने सीएम से ग्रेड पे 4200 का लाभ मांगा

नई टिहरी। उत्तराखंड चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी महासंघ की जनपदीय शाखा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को विभिन्न समस्याओं के समाधान के निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन प्रेषित किया है। सीएम से मांगों पर त्वरित कार्यवाही की मांग की गई है। महासंघ के जिलाध्यक्ष त्रिलोक सिंह नेगी ने बताया कि मांगों में कतिपय विभाग शासनादेशानुसार वर्दी व देयक नहीं दे रहे हैं। स्टापिंग पैटर्न का लाभ देते हुए अधिकतम ग्रेड वेतन 4200 का लाभ दिया जाय। पुरानी पेंशन बहाल की जाय। चतुर्थ वर्गीय कर्मियों की भर्ती के साथ पूर्व से प्रदत्त अवकाश, नगदीकरण सुविधा को बहाल किया जाए। मांगों में नगदीकरण की छुट्टियों को 300 से बढ़ाकर 500 किया जाय। बताया कि चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की पदोन्नति कोट के अनुसार पदोन्नति के कोटे को सभी विभागों में पूर्ण रूप से लागू किया जाय। निर्धारित 25 प्रतिशत पदोन्नति आरक्षित कोटा को अन्य कोटे व मृतक आश्रित से न भरा जाय। वर्दी बाजार भाव से दिये जाने के साथ ही सिलाई व धुलाई के बजट में बढ़ोत्तरी की जाय। अन्य वर्ग की भांति एक माह का वेतन दिया जाय। बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को राजकीयकरण से पूर्व बेसिक शिक्षा परिषद में की गई सेवाओं को जोड़ते हुए समस्त लाभ दिए जायें।

### सही जिंदगी को जीना ही अध्यात्म हैः आचार्य प्रशांत

ऋषिकेश। प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक एवं पूर्व सिविल सेवा अधिकारी आचार्य प्रशांत ने कहा है कि जो सदा, सर्वदा, निर्लेप, निरंजन, निर्विकार है, उसे ही शाश्वत सत्य कहते हैं। मन को दुख से मुक्ति मिले यही धर्म है, खुद से आज़ाद होना ही सनातन है। मंगलवार को देहरादून मार्ग स्थित होटल होली विवासा में आयोजित वेदांत महोत्सव को आचार्य प्रशांत ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सत्य दो धातुओं से मिलकर बना है सत् और तत्। सत का अर्थ यह और तत का अर्थ वह। दोनों ही सत्य है।

# कार्यक्रम की सफलता पर भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान

ऋषिकेश। ऋषिकेश में सीएम पुष्कर सिंह धामी के कार्यक्रम के सफल आयोजन पर मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

मंगलवार को बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने ऋषिकेश के भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि बीते रोज ऋषिकेश में सीएम पुष्कर सिंह धामी का कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इसमें सभी कार्यकर्ताओं ने अहम भूमिका निभाई। कहा कि भाजपा अनुशासित पार्टी है, यहां कार्यकर्ता संयमित होकर कार्य करते हैं, पार्टी में हर कार्यकर्ता का सम्मान होता है। कार्यकर्ताओं की बदौलत सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर ऋषिकेश विधानसभा के आगमन पर सीएम धामी का कार्यक्रम सफल हो सका है। कार्यकर्ताओं की ही बदौलत वह चौथी बार विधायक बने हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र राणा ने कहा कि मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के मृदभाषी और विकासशील छवि के चलते कार्यकर्ताओं ने सीएम धामी के कार्यक्रम को सफल बनाया। उन्हीं के आवाहन पर कार्यकर्ताओं का हुजूम देखने को मिला। मौके पर मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा कविता शाह, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा अंकित बिजल्वाण, जिला महामंत्री राजेंद तड़ियाल, जिला उपाध्यक्ष प्रतीक कालिया, जिला कार्यालय प्रभारी देवदत्त शर्मा, मंडल महामंत्री नितिन सक्सेना, तनु तेवतिया, दीपक जुगलान, मंडल मंत्री दीपक बिष्ट, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष जगावर सिंह, निखिल बर्थवाल, जयम शर्मा, पार्षद विकास तेवतिया, रूपेश गुप्ता, विजय जुगलान, संदीप शर्मा, मनीष भट्ट, विशाल शाही, अरूण बडोनी, लव कोहली, विनोद चौहान, शैंकी सक्सेना, सुमित तिवारी, रोहित भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

## शराब की दुकान के विरोध में धरना

ऋषिकेश। नीलकंठ मोटर पर गरुड़ चट्टी के नजदीक संचालित अंग्रेजी शराब की दुकान का विरोध शुरू हो गया है। स्थानीय लोग दुकान शिफ्ट करने की मांग कर रहे हैं। कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने प्रशासन को उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है। मंगलवार को स्थानीय लोगों ने शराब की दुकान के पास धरना देकर प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही कानून और शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। समाजसेवी सत्यपाल सिंह राणा ने बताया कि रत्तापानी नाम से आवंटित शराब की दुकान गरुड़ चट्टी मंदिर के पास उदयपुर तल्ला में चल रही है। जबकि, साल 2021 में तत्कालीन डीएम विजय कुमार जोगदंडे दुकान शिफ्ट करने के आदेश दे चुके हैं।

# व्यापारियों ने की यातायात व्यवस्था नियंत्रित करने की मांग

विकासनगर। विकासनगर बाजार क्षेत्र में दिन प्रतिदिन अनियंत्रित हो रही यातायात व्यवस्था, नशे के कारोबार पर नियंत्रण लगाने की मांग उद्योग व्यापार मंडल ने एसपी देहात से की है।

मंगलवार को कोतवाली के निरीक्षण को पहुंची एसपी को इस आशय का ज्ञापन सौंपते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पहुंचे व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने बताया कि बाजार में निरंतर यातायात के कारण व्यवस्था अनियंत्रित हो गई है। जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। चारधाम यात्रा शुरु होने पर स्थिति और विकट हो जाएगी। लिहाजा इस समस्या का जल्द निस्तारण किया जाना चाहिए। बताया कि विकासनगर बाजार प्रमुख तौर पर व्यापारिक मंडी है, जिससे यहां यातायात का दबाव अधिक है। यातायात पर नियंत्रण के लिए यहां सीपीयू तैनात की जानी जरूरी है।

विकासनगर क्षेत्र के थाने, चौकियों में पुलिस बल की कमी भी व्यवस्थाओं को दुरस्थ करने में आड़े आती हैं। कहा कि क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किए जाने के साथ ही प्रत्येक चौराहे पर भी पुलिस के जवान तैनात किए जाने चाहिए। बताया कि विकासनगर बाजार में अन्य प्रांतों से आए ठेली, फड़ व्यापारी और ई रिक्शा की अधिकता होने से दिन भर बाजार व्यवस्त रहता है। बाहर से आने वाले लोग नशे के कारोबार को बढ़ावा दे रहे हैं। जिसकी जकड़ में क्षेत्र के युवा आ रहे हैं। नशे के बढ़ते कारोबार से पूरे क्षेत्र का माहौल बिगड़ रहा है। इसके साथ ही युवा नशे के दलदल में फंसकर अपना भविष्य बर्बाद करने के साथ ही समाज के लिए भी परेशानी पैदा कर रहे हैं। इसके साथ ही व्यापारियों ने मुख्य बाजार में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित करने, वाहनों की स्पीड के साथ ही प्रेशर हॉर्न पर लगाम लगाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता, महामंत्री भारत कालरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिमकर गुप्ता, रोहित गुप्ता, सचिन डंग आदि शामिल रहे।

# अवैध खनन व आपराधिक प्रवृति के लोगों के प्रति सख्ती से पेश आये पुलिस: एसपी देहात

विकासनगर। एसपी देहात कमलेश उपाध्याय ने कोतवाली विकासनगर का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी देहात ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अवैध खनन व आपराधिक प्रवृति के लोगों से पुलिस सख्ती से पेश आये। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने वालों को किसी भी तरह से बख्शा न जाय। एसपी देहात कमलेश उपाध्याय ने मंगलवारी को कोतवाली विकासनगर का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों–कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अभिलेखों को दुरुस्त किया जाय। लंबित मामलों को जल्द निपटाएं। इस दौरान एसपी देहात ने पुलिस शस्त्रागार का भी निरीक्षण कर शस्त्रों की जांच पड़ताल कर पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों से शस्त्र चलाने का भी निरीक्षण किया। कोतवाली व पुलिस अधिकारी कर्मचारियों के आवासों मे साफ सफाई का निरीक्षण किया। पुलिस मेस का भी निरीक्षण किया। एसपी देहात ने पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपराधिक प्रवृति के लोगों पर सख्त नजर रखी जाय।

## कोठा बैंड–पंजिया मोटर मार्ग निर्माण में लापरवाही बरतने की शिकायत

विकासनगर। कोठा बैंड–पंजिया मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान घटिया गुणवत्ता और अनियमितता की शिकायत स्थानीय ग्रामीणों ने की है। ग्रामीणों का कहना है मार्ग के शुरुआती चार किमी के हिस्से के निर्माण में भारी लापरवाही बरती गई है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

ग्राम प्रधान सुरेश खन्ना, पूर्व प्रधान सुल्तान सिंह बिष्ट, विरेंद्र सिंह बिष्ट, जयपाल बिष्ट, गुमान सिंह ने बताया कि इस मार्ग का निर्माण कार्य वर्ष 2019 में शुरु किया गया था, लेकिन मार्ग की कटिंग मानक के अनुरूप नहीं की गई है।

# हर्बल रंगों को बनाने में जुटी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं

ऋषिकेश। ऋषिकेश तहसील क्षेत्र के न्याय पंचायत श्यामपुर की ग्राम सभा के अंतर्गत गुलजार फार्म की स्वयं सहायता समूह की महिलाएं इन दिनों हर्बल रंगों को बनाने में जुटी हुई है, ताकि होली पर रसायनिक रंगों से नहीं, बल्कि हर्बल रंगों से होली खेली जा सके। अपणु पहाड़ ग्राम संगठन श्यामपुर की अध्यक्ष सोनी रावत के नेतृत्व में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा हर्बल रंग तैयार किए जा रहे हैं। हर्बल रंग बनाने के चार दिवसीय प्रशिक्षण में ईशा कलूड़ा द्वारा रंगों को बनाने से लेकर रंगों की पैकिंग करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने घर पर ही नवनिर्मित पालक, चुकंदर, गेंदा, नीम, करी पत्ता,



मेथी ,टेसू के फूल, गुलाब के पंखुड़ियों, पुदीना, तुलसी से निर्मित हर्बल रंग बनाए।अभी तक 14 समूहों को निशुल्क होली के रंग देने का प्रशिक्षण दिया है। अध्यक्ष सोनी रावत ने बताया महिलाएं खुद को आत्मनिर्भर की ओर अग्रसर और लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा दे रही है। हर्बल रंग बनाने वालों में मंजू ममगाईं, शालिनी नेगी, उत्तरा, शांता, वीमा देवी, संतोषी, अनीता नेगी, रागिनी, मधु रावत, रचना कैंतुरा, ममता नेगी, विनीता, रोशनी, बबली, मोनिका आदि शामिल हैं।

# उच्च शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया

विकासनगर। पछुवादून, जौनसार बावर के उच्च शिक्षण संस्थानों में मंगलवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस दौरान शिक्षण संस्थानों में संगोष्ठी और कार्यशालाएं आयोजित की गई। वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर में साइंस पॉपुलराइजेशन एंड अवेयरनेस थ्रू लो कॉस्ट एक्सपेरिमेंट फॉर स्टूडेंट्स विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसके साथ ही क्विज और पोस्टर प्रतियोगिता भी संपन्न कराई गई।

भौतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद रावत ने सीवी रमन की जीवनी के साथ ही उनके द्वारा की गई ह्यरमन प्रभाव खोज की जानकारी भी दी गई। बताया कि 1928 में उन्होंने प्रकाश के बिखराव की खोज की थी, जिसे बाद में रमन प्रभाव कहा गया।

इसी खोज के लिए उन्हें 1930 में नोबल पुरस्कार दिया गया। डॉ. योगेश भट्ट द्वारा समस्त छात्र छात्राओं को भौतिक विज्ञान विषय की उपयोगिता, महत्व और संभावनाओं की विस्तार से जानकारी दी। प्रतियोगिता के तहत सोनाली भरद्वाज प्रथम, सृष्टि केस्टवाल द्वितीय, सुरभि पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान प्रो. अशोक डिमरी, डॉ. गौतम रावत, डॉ. मनोरथ नौगाई, डॉ. आरएल केष्टवाल, डॉ. राखी डिमरी, डॉ. डीके भाटिया, डॉ. दीप्ति बगवाड़ी आदि मौजूद रहे।

दूसरी ओर श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय चकराता में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर ह्यविज्ञान रोजमर्री के जीवन में विषय पर निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## भंडारागार निगम के रिक्त पदों पर जल्द शुरु की भर्ती प्रक्रिया

विकासनगर। उत्तराखंड राज्य भंडारागार निगम में लंबे समय से रिक्त चल रहे 50 प्रतिशत पदों को जल्द भरने की मांग जन संघर्ष मोर्चा ने प्रदेश सरकार से की है। मोर्चा का मानना है रिक्त पदों को भरने से बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलने के साथ ही भंडारागार की कार्यप्रणाली भी पटरी पर आएगी। मंगलवार को अस्पताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में मीडिया से रूबरू होते हुए मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ नेगी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य भंडारागार निगम के ढांचे में कुल 121 पद स्वीकृत हैं,

# विद्युत शिविर में बीस शिकायतें दर्ज

विकासनगर। विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच (सीजीआरएफ) देहरादून की ओर से कालसी में आयोजित शिविर में 20 शिकायतें दर्ज हुई। जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। मंच ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को अन्य सभी समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए मंगलवार को कालसी ब्लॉक सभागार में शिविर आयोजित किया गया। विकासनगर और जौनसार बावर क्षेत्र के कई उपभोक्ता शिविर में शिकायत दर्ज करने पहुंचे। सुनवाई के बाद इनमें से 20 शिकायतों को पंजीकृत किया गया। मंच के न्यायिक सदस्य त्रिभुवन सिंह ने बताया कि इस एक दिवसीय शिविर में दर्ज की गई शिकायतों में से अधिकांश खराब मीटर न बदले जाने, नयां कनेक्शन मिलने में देरी होने, गलत बिल में सुधार न किए जाने, पैसा जमा करने के बावजूद बिल में राशि जुड़ने, खराब ट्रांसफार्मर समय पर न बदले जाने और लो वोल्टेज की समस्या दूर न किए जाने से संबंधित थीं। बताया कि उपभोक्ता को तत्काल राहत पहुंचाना ही मंच की प्राथमिकता रही है। समय–समय पर इस तरह के शिविर विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जाते हैं। कोशिश यह रहती है कि दूर दराज के क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जाएं। शिविर में मंच के तकनीकी सदस्य सईद अहमद, उपभोक्ता सदस्य दीपक फरस्वान, विद्युत वितरण खण्ड विकासनगर के अधिशाषी अभियंता प्रदीप कुमार, एसडीओ अशोक कुमार, एसडीओ मापक योगेश प्रजापति, भूपाल सिंह तोमर, रजनीश भट्ट, केदार सिंह नेगी, सुनील बिष्ट समेत विभाग के कई कार्मिक मौजूद रहे।

## आबादी के बीच से हटाया जाएं नगर निगम का ट्रेचिंग ग्राउंड

**कोटद्वार** : आबादी के बीच संचालित हो रहे ट्रेचिंग ग्राउंड को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग को लेकर कुंभीचौड़ के वाशिंदों ने नगर निगम को ज्ञापन दिया। कहा कि पूर्व में कई बार शिकायत के बाद भी नगर निगम समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

मंगलवार को कुंभीचौड़ निवासी संजय रावत, राजीव सिंह, मुन्नी देवी ने नगर निगम को समस्या से अवगत करवाया। बताया कि नगर निगम की ओर से नियमों के विरूद्ध गाड़ीघाट खोह नदी के तट पर आबादी के बीच ट्रेंचिंग ग्राउंड का संचालन किया जा रहा है। ट्रेचिंग ग्राउंड में हर रोज चालीस वार्डों का सैकड़ों टन कूड़ा एकत्रित किया जा रहा है। कहा कि लगातार उठ रही ट्रेचिंग ग्राउंड की दुर्गंध से आसपास के परिवारों का सांस लेना भी दूभर हो गया है। कहा कि अब गर्मी के साथ ही स्थिति और विकराल होने लगेगी। यही नहीं गर्मी बढ़ने पर कूड़ा जलने भी लगता है, जिससे चारों ओर जहरीला धुंआ फैला रहता है। कहा कि क्षेत्रवासियों के हित को देखते हुए जल्द ही ट्रेचिंग ग्राउंड को आबादी से दूर अन्यत्र शिफ्ट किया जाना चाहिए।

# ...और जीर्णोद्धार के मात्र दो वर्ष में ही बदहाल हो गया सिद्धबली पार्क

◆दल लाख रुपये की लागत से सिद्धबली पार्क का हुआ था जीर्णोद्धार
◆झूले व अन्य सामान टूटा, गमले भी चोरी कर रहे गए शरारती तत्व



कोटद्वार के सिद्धबली मंदिर के समीप पार्क में टूटे झूले

**जयन्त प्रतिनिधि।**
कोटद्वार : सरकारी सिस्टम अपनी संपत्ति को लेकर कितना लापरवाह है, इसका एक उदाहरण सिद्धबली मार्ग के समीप बनाए गए बच्चा पार्क की स्थिति को देखकर लगाया जा सकता है। दरअसल, दो वर्ष पूर्व कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग ने दस लाख रुपये की लागत से पार्क का जीर्णोद्धार करवाया था। लेकिन, वर्तमान में यह पार्क बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। पार्क में लगाए गए झूले व अन्य सामान टूट चुका है। साथ ही शरारती तत्वों ने पार्क में लगाए गमले भी चोरी कर दिए हैं।

तत्कालीन वन एवं पर्यावरण मंत्री डा. हरक सिंह रावत ने कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग के बजट से पार्क का जीर्णोद्धार करवाया था। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद 27 जनवरी 2021 को डा. हरक सिंह रावत ने पार्क का लोकार्पण किया। लेकिन, दो वर्ष में ही पार्क बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। बच्चों के लिए लगाए गए अधिकांश झूले टूट चुके हैं। पार्क सौंदर्यीकरण के लिए लगाई टाइल्स जगह–जगह से टूट चुकी है। परिसर में लगाए गए मनमोहक फूल व घास को असामाजिक तत्वों ने बर्बाद कर दिया है। जबकि, पार्क से चंद कदम की दूरी पर वन विभाग का कार्यालय भी है। बावजूद विभाग ने पार्क के संरक्षण की सुध नहीं ली। जबकि, पूर्व में वन विभाग ने पार्क के देख–रेख के लिए एक चौकीदार की भी तैनाती करने की बात कही थी।

### जनता ने भी दिखाई लापरवाही

पार्क का सौंदर्यीकरण होने के बाद इसका सबसे अधिक लाभ क्षेत्रवासियों को ही मिल रहा था। सुबह व शाम के समय बुजुर्ग व बच्चे पार्क में घूमने के लिए पहुंचते थे। लेकिन, कुछ लोगों ने अपनी लापरवाही का परिचय देते हुए पार्क की सुंदरता को खराब करने का कार्य किया। बच्चों के लिए बनाए गए झूलों में बड़े व्यक्ति भी झूलने लगे थे। जिससे वह टूट गए। पार्क में लगे कूड़ेदान का उपयोग करने के बजाय कुछ लोग परिसर में ही गंदगी को फेंक देते थे। जिससे पार्क बदहाल होता गया।

## समिति ने सांसद को बताई समस्याएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**
पौड़ी : गढ़वाल सेवानिवृत्त कर्मचारी समिति पौड़ी ने पूर्व सीएम एवं गढ़वाल सासंद को ज्ञापन देकर शहर की विभिन्न समस्याएं हल करने की मांग उठाई है। वहीं सांसद ने समिति को समस्याओं के हल का आश्वासन दिया।समिति के अध्यक्ष विक्रम सिंह राणा, सचिव सुरेशचंद्र बड़थ्वाल ने सांसद गढ़वाल तीरथ सिंह रावत को ज्ञापन देते हुए कहा कि जल संस्थान द्वारा हर साल पालिका के भवन कर का 15 फीसदी हर वर्ष वसूलता है। जबकि अन्य क्षेत्रों में यह व्यवस्था नहीं है। कहा कि जल संस्थान पेयजल उपभोक्ताओं से अवैध वसूली कर रहा है। जिसको रोका जाना अतिआवश्यक है। उन्होंने सांसद से रांसी स्टेडियम के पास तीन करोड़ की अधिक लागत से बने पर्यटक आवास गृह को पर्यटकों के लिए खोलने, शहर में पेयजल उपभोक्ताओं को कम से कम 2 घंटे हर दिन पेयजल आपूर्ति देने, कृषि भवन के नीचे 7 से 8 सौ मीटर हल्का मोटरवाहन मार्ग बनाने, शहर की सड़को को गडढा मुक्त बनाने की मांग रखी।

# वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रमन को को किया याद

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित किया गया कार्यक्रम



पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते स्वयं सेवी व शिक्षक

**जयन्त प्रतिनिधि।**
**कोटद्वार** : राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर स्वयं सेवियों ने वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रमन को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने कहा कि देश के महान वैज्ञानिक सीवी रमन ने रमन प्रभाव का अविष्कार किया था। जिसके लिए उन्हें वर्ष 1930 में नावेल पुरस्कार दिया गया था। भारत सरकार की ओर से सीवी रमन को 1954 में भारत रत्न व 1957 में शांति पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। उन्होंने स्वयं सेवियों से सीवी रमन के जीवन पर आधारित पुस्तकों को पढ़कर प्रेरणा लेने की भी अपील की। कहा कि जीवन में बेहतर तरक्की के लिए हमें महापुरुषों पर लिखी पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए। इस मौके पर अमन सिंह, सजुल, आयुष आदि मौजूद रहे।

# ओबीस जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने में हो रही अनियमितताओं पर तत्काल लगे रोक

**जयन्त प्रतिनिधि।**
**कोटद्वार** : शैलशिल्पी विकास संगठन के अध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार की अस्पष्ट नीति के कारण तहसील स्तर पर (विशेष रूप से कोटद्वार) अपात्र लोगों को धड़ल्ले से ओबीसी जाति के प्रमाण पत्र निर्गत किये जा रहे है।

कहा कि शिल्पकार जाति के लोहार, सोनार, टम्टा, आर्य–शिल्पकार, रुड़िया, कोली, बढ़ई, ओजी या बाजगी, धुनार आदि दस्तकार जातियों की कुल 48 उपजातियों को अनुसूचित जाति (शिल्पकार) के अधीन पूर्व की भांति माना है, चूंकि उत्तराखंड में शिल्पकार नाम की अलग से कोई जाति ना होकर शिल्पकार जातियों का एक समूह है, जिन्हें आजादी के पूर्व से ही अनुसूचित जाति (शिल्पकार) के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो मैदानी क्षेत्रों की ना होकर पर्वतीय मूल की रही है। आर्य ने कहा कि विगत कुछ वर्षों से देखा जा रहा है कि अनुसूचित जाति (शिल्पकार) में सम्मिलित 48 उपजातियों के अंतर्गत आने वाले लोहार, सुनार, बढ़ई, टम्टा आदि जातियों को तहसील स्तर (मुख्य रूप से कोटद्वार) पर ओबीसी के जाति प्रमाण पत्र धड़ल्ले से निर्गत किये जा रहे हैं, जबकि पर्वतीय मूल की यह जातियां अनुसूचित जाति (शिल्पकार )के अंतर्गत आती हैं, पिछड़ी जातियों/वर्गों की अधिसूचना संख्या 371/(2)/2010 दिनांक 22 मार्च 2010 द्वारा पुनरीक्षित अनुसूची में लोहार, सुनार, बढ़ई आदि जातियां सम्मिलित है, जो कि उत्तर–प्रदेश की पूर्ण जातियां हैं। इसी अनुसूची का गलत फायदा उठाकर पर्वतीय क्षेत्रों के अनुसूचित जाति (शिल्पकार) के कुछ शातिर लोगों द्वारा प्रशासन को गुमराह कर, तहसील स्तर पर ओबीसी के जाति प्रमाण पत्र धड़ल्ले से बनाए जा रहे हैं ,जो कि आरक्षण के प्रावधानों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार तत्काल पर्वतीय मूल के लोहार, सुनार, बढ़ई, टम्टा आदि अनुसूचित जाति (शिल्पकार) वर्ग के लोगों को निर्गत किए गए ओबीसी जाति प्रमाण पत्रों की जाँच कर, फर्जी ढंग से बनाये गये प्रमाण पत्रों को निरस्त करे, तथा पिछड़ी जातियों की अनुसूची में अंकित पर्वतीय मूल के लोहार, सुनार, टम्टा, बढ़ई आदि दस्तकार जातियों के सम्मुख उत्तराखंड को छोड़कर टिप्पणी अंकित करवाएं। ताकि तहसील स्तर पर जाति प्रमाण पत्र निर्गत होने में हो रही अनियमितताओं पर रोक लग सके। आर्य ने कहा कि अगर प्रशासन मात्र कोटद्वार तहसील में ही सही ढंग से जाँच करे तो यंहा सैकड़ों ऐंसे परिवार मिलेंगे जंहा एक भाई ओबीसी आरक्षण का लाभ ले रहा हैं तो दूसरा भाई अनुसूचित(शिल्पकार) आरक्षण का लाभ ले रहा है, आरक्षण जैसे गंभीर विषय में ऐंसी स्थिति उचित नही है।

## मामले की हो उच्च स्तरीय जांच

**जयन्त प्रतिनिधि।**
**कोटद्वार** : पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पदाधिकारियों ने पंजाब के अजनाला थाने में हुए हमले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

इस संबध में परिषद की ओर से उपजिलाधिकारी के माध्यम से भारत सरकार के गृह मंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा गया है कि कुछ दिन पहले पंजाब राज्य के अजनाला थाने पर लोगों की भीड़ ने हमला कर पुलिसकर्मियों को घायल कर दिया, जो देश हित में नहीं कहा जा सकता।

कहा कि यह पंजाब को दहलाने की साजिश भी हो सकती है। इसलिए इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में अध्यक्ष जीके बड़थ्वाल, सी पी डोबरियाल, अनूप बिष्ट, सुभाष कुकरेती और बलवान सिंह रावत आदि थे।

# मेहंदी प्रतियोगिता में छात्रा जैबी रही अव्वल

### छात्र संघ समारोह के तहत महाविद्यालय में आयोजित की गई प्रतियोगिता

**जयन्त प्रतिनिधि।**
**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के छात्र संघ सप्ताह के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान मेहंदी प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा जैबी प्रथम स्थान पर रही। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार ने किया। उन्होंने बताया कि छात्र संघ सप्ताह में होने वाली विभिन्न गतिविधियों में छात्र छात्राओं को बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए। प्रतिभाग करना ही उनकी कुशलता का परिचय है।

छात्र संघ प्रभारी डॉ देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मेहंदी प्रतियोगिता में जैबी बीए द्वितीय वर्ष प्रथम, आइशा बीएससी प्रथम सेम द्वितीय, नंदिनी सक्सेना बीएससी प्रथम सेम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में दीपक कोटनाला बीए प्रथम सेम प्रथम, अतुल्या द्विवेदी बीए प्रथम सेम द्वितीय एवं मीनाक्षी सिंह एमकॉम तृतीय सेम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में रिया कुकरेती एमए प्रथम सेम प्रथम, खुशी बीएससी द्वितीय वर्ष द्वितीय एवं ईशा बिष्ट बी जे एमसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सामान्य ज्ञान में आकाश सिंह बीएड प्रथम, धनराज पंवार बीएड द्वितीय, अमित बिष्ट बीएड ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इन प्रतियोगिताओं में डॉ सुषमा भट्ट थलेडी, डॉ सीमा कुमारी, डॉ रोशनी असवाल, डॉ अंजू थपलियाल, डॉ विनोद सिंह, डॉ एस के गुप्ता, डॉ मीनाक्षी वर्मा, डॉ पूनम गैरोला, डॉ जुनीष कुमार, डॉ अरुणिमा डॉ धनेंद्र कुमार पंवार डॉ प्रीति रानी, डॉ अंशिका बंसल एवं डॉ हितेंद्र कुमार निर्णायक रहे। इस अवसर पर छात्र संघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल, महासचिव शुभम सुयाल, कोषाध्यक्ष मेघा, सह सचिव अजय नेगी आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर शासन प्रभारी डॉ देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि अभी 4 फरवरी तक छात्र संघ के अन्य प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।




महाविद्यालय में आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्राएं

# यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने पर दिया जोर

**जयन्त प्रतिनिधि।**
**पौड़ी** : जिलाधिकारी डॉ0 आशीष चौहान ने कलेक्ट्रेट कक्ष में पौड़ी नगर की यातायात व्यवस्था को और सुगम बनाने को लेकर संबंधित अधिकारियों व स्थानीय लोगों के साथ बैठक की। बैठक में पार्किंग को सुव्यवस्थित बनाने हेतु नगर पालिका अध्यक्ष, नागरिक कल्याण मंच व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने अपने–अपने सुझाव रखे।

मंगलवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने पौड़ी शहर में यातायात को सुगम बनाने के लिए राजस्व, पुलिस व परिवहन के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाई, जो शहर में वाहनों की संख्या व पार्किंग की उपलब्धता की रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि शहर में पार्किंग की समस्या जटील है जिसको परथ दर परथ सभी स्टेक होल्डर के साथ मिल बैठकर सुलझाया जायेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यालय हेतु पॉकेट पार्किंग विकसित करने के लिए 15 करोड़ के प्रस्ताव शासन को भेजे गये हैं। इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम, उपजिलाधिकारी सदर आकाश जोशी, आरटीओ अनिता चंद, नगर पालिका ईओ गौरव भसीन, नागरिक मंच के अध्यक्ष रघुवीर सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष हेमन्त नेगी सहित कुलदीप गुसांई, गब्बर सिंह, विक्रम सिंह उपस्थित थे।



यातायात व्यवस्था को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी

## बाल गढ़कवि काव्य गोष्ठी में दिखी प्रतिभा

**पौड़ी** : लोकभाषा एंकाश द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस सप्ताह के तहत प्रतिभा दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान राजकीय प्राथमिक विद्यालय पैडुल में बाल गढ़कवि काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय पैडुल के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राजकीय प्राथमिक विद्यालय पैडुल की छात्रा आकृति ने गढवाली कविता में सरस्वती वंदना तेरा मंदिर मा दयू बलयूं मेरा बि मन उज्यालु दे सरसुति हे भगवति बाला ज्ञान ग्वालु दे की प्रस्तुति दी। राजकीय जूनियर हाईस्कूल पैडुल के छात्र अनुराग नेगी ने देवेन्द्र उनियाल की कविता कन होंदि ब्वे, नौना पर जब चोट लग्द नौना दगड़ रोंदि ब्वे, खैरि का दिनो मा नौनौ सण पल्द ब्वे, घाम मा जांदी तीसी रांदि ब्वे, तीड़ी जांदि घाम न पानी बणगे ल्वे की प्रस्तुति दी।

# आपदा से निपटने को तैयार रहेंगे डिजास्टर रेस्क्यू व्हीकल वाहन




डिजास्टर रेस्क्यू व्हीकल वाहनों को रवाना करते जिलाधिकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**
**पौड़ी** : जिलाधिकारी डॉ0 आशीष चौहान ने कलेक्ट्रेट में डिजास्टर रेस्क्यू व्हीकल वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 24 घंटे आपदा की हर परिस्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा डिजास्टर रेस्क्यू व्हीकल वाहन को तैयार किया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के अंतर्गत सड़क दुर्घटना, आपदा व अन्य तरह की घटना होने पर डिजास्टर रेस्क्यू व्हीकल वाहन को रवाना किया जाएगा। कहा कि घटना होने पर आम जनमानस आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूप से संपर्क कर सकते हैं। जिससे समय पर वाहन घटना स्थल पर पहुंच सकेगा। आपदा से निपटने के लिए वाहन में आपदा उपकरणों के साथ ही दवाई भी रखी गई हैं। जिससे आवश्यकता पड़ने पर तत्काल रेस्क्यू व दवाईयां घायल व्यक्तियों को दी जा सकेगी। आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि डिजास्टर रेस्क्यू व्हीकल वाहन में आवश्यक उपकरण रखे गये हैं। कहा कि जनपद के अंतर्गत किसी प्रकार की घटना होने पर तत्काल रेस्क्यू टीम को रवाना किया जाएगा। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन अधिकारी दीपेश काला, आरटीओ अनिता चंद व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## शाम पांच बजे तक बंद रहेगी शराब की दुकान

**जयन्त प्रतिनिधि।**
**कोटद्वार** : होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी डॉ0 आशीष चौहान ने 8 मार्च को समस्त मदिरा दुकानों को सांय 5 बजे तक बंद रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि जनपद में लोक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए जनपद के अंतर्गत समस्त विदेशी मदिरा दुकान, गोदाम, बार, सैन्य कैटीन के साथ ही बॉटलिंग प्लांट को मदिरा की बिक्री परिवहन व उपभोग हेतु पूर्ण रूप से बंद किया जायेगा।

जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी व आबकारी निरीक्षकों को निर्देश दिये हैं कि अपने–अपने क्षेत्रान्तर्गत मदिरा की दुकानों पर निगरानी बनाये रखें।

# नवयुग के छह विद्यार्थियों ने पास की परीक्षा

**जयन्त प्रतिनिधि।**
**कोटद्वार** : नवयुग पब्लिक स्कूल पदमपुर मोटाढाक कोटद्वार के छह विद्यार्थियों ने कक्षा छह में प्रवेश हेतु सैनिक स्कूल की लिखित परीक्षा पास की है। विद्यार्थियों ने विद्यालय व अपने परिवार का नाम रोशन किया है।

सैनिक लिखित परीक्षा में पास हुए 6 विद्यार्थियों में अवनी तिवारी, अनुष्का शाह, आराध्य गौनियाल, प्रियांषी भदूला, हैप्पी गुसाई व प्रेरणा हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्य नीलम नेगी व विद्यालय के संस्थापक हुकम सिंह नेगी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



नवयुग पब्लिक स्कूल के वह छात्र जिन्होंने सैनिक स्कूल की लिखित परीक्षा पास की है।

## युवाओं को बताए नशे के दुष्परिणाम

**कोटद्वार** : रिखणीखाल स्थित स्व.भारत सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय की एंटी ड्रग सेल की ओर से क्षेत्र में नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का आरंभ सेल प्रभारी डा. अनूप सिंह मेवाड़ ने किया। उन्होंने कहा कि नशा अपराध की पहली सीढ़ी है। इसलिए हमें नशे से दूर रहना होगा और अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना होगा।

उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ हम सभी को एकजुट होकर अभियान चलाना होगा। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने युवाओं और आम जन से नशे से दूर रहने की अपील की। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डा. प्रशांत सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# डीडीए समाप्ति की मांग पर धरना जारी




अल्मोड़ा। डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी करने की मांग को लेकर सर्वदलीय संघर्ष समिति का धरना प्रदर्शन जारी है। मंगलवार को समिति के बैनर तले विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने अल्मोड़ा के गांधी पार्क में धरना दिया।

सरकार से जल्द डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी करने की मांग उठाई। वक्ताओं ने कहा कि डीडीए समाप्ति को लेकर चला आ रहे धरना–प्रदर्शन को पूरे छह साल बीते गये हैं। सरकार ने अब तक मामले में कोई उचित कार्यवाही नहीं की है। इससे पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों में सरकार के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है।

कहा कि पर्वतीय क्षेत्र की जनता प्राधिकरण लागू होने से परेशान है। प्रदेश की भाजपा सरकार इस मामले में चुप्पी साधे है। धरना प्रदर्शन करने वालों में समिति संयोजक पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, पीतांबर पांडेय, आनंद सिंह बगड़वाल, पूरन सिंह रौतेला, हेम चंद्र तिवारी, हेम जोशी, प्रताप सिंह सत्याल, चंद्रमणी भट्ट, राजू गिरी, भारतरत्न पांडे, महेश आर्या आदि रहे।

## एसएसबी ने 144 ग्रामीणों को उपकरण बांटे

चम्पावत। एसएसबी की 57 वीं वाहिनी ने ग्रामीणों को कृषि यंत्र, सोलर लाइट और खेल कूद सामग्री वितरीत किए। एसएसबी के कमान अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत गोष्ठी हुई। 57 वीं वाहिनी एसएसबी के प्रभारी निरीक्षक मुस्तकीम अहमद ने गैड़ाखाली, उचौलीगोठ, ज्ञानखेड़ा, मोहनपुर, मनिहारगोठ, थपलियालखेड़ा और बस्तिया के 144 लोगों को स्प्रे मशीन और सोलर लाइट दी। प्रावि उचौलीगोठ, जीआईसी गैड़ाखाली, प्रावि थपलियालखेडा के छात्र–छात्राओं को खेलकूद सामग्री दी। कार्यक्रम में एसआई भीम देव, दीगांता धीमल, जावेद अहमद चेची, सतीश कुमार, ताहिर हसन आदि मौजूद रहे।

# ऑटोमोबाइल की दुकान तक पहुंची जंगल की आग



बागेश्वर। फायर सीजन शुरू होते ही जिले के जंगलों में आग लगने की घटना भी बढ़ने लगी है। दो दिन पहले अमसरकोट में जंगल की आग स्कूल के शरहद तक पहुंच गई थी। उसे दमकल विभाग ने काबू किया। मंगलवार को एक बार फिर जंगल की आग एक ऑटोमोबाइल तथा फूड प्लाइंट तक पहुंच गई। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। उन्होंने मौके पर पहुंचकर जंगल की आग को काबू किया। मालूम हो कि 15 फरवरी से फायर सीजन शुरू हो जाता है। 14 दिन में जिले में आग की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। इसमें गरुड़, बागेश्वर तथा धरमघर रेंज के जंगल अधिक जल रहे हैं। अब तक पांच हेक्टेयर जंगल जल चुके हैं। रविवार को अमसरकोट, सोमवार को काफलीगैर और मंगलवार को गरुड़ के जंगल में आग भड़क गई। इस बार की आग जंगल से बजरंग ऑटोमोबाइल व एक फूड प्लाइंट तक पहुंच गई। आग दुकान के नजदीक आते देख लोगों को होश उड़ गए। उन्होंने इसकी जानकारी वन विभाग व दमकल विभाग के अलावा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने आग पर काबू पाया। इसके बाद दुकान स्वामियों ने राहत की सांस ली। लोगों ने वन विभाग से जंगल को आग लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

बागेश्वर। कोतवाली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक ट्रक की चपेट में आ गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उसे चालक अस्पताल ले गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बीते सोमवार रात करीब पौने ग्यारह बजे पिंडारी मोटर मार्ग पर चंदन पुत्र शंकर राम निवासी दौलाघट, थाना सोमेश्वर जिला अल्मोड़ा ट्रक की चपेट में आ गया। हादसे के बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रक चालक ने वाहन को किनारे खड़ा किया और उसे जिला अस्पताल ले गया। रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। आसपास की सूचना के बाद कोतवाल कैलाश नेगी मौके पर पहुंचे और शव कब्जे में लिया। इसके बाद वह घटनास्थल पहुंचे। चालक से पूछताछ के बाद पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू दी है।

# अपराध और नशा मुक्त बनेगा अल्मोड़ा : एसएसपी

अल्मोड़ा। आईपीएस रचिता जुयाल ने बतौर अल्मोड़ा एसएसपी पदभार ग्रहण कर लिया है। इसी को लेकर उन्होंने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में प्रेसवार्ता कर प्राथमिकताएं गिनाई। उन्होंने कहा कि अपराध मुक्त और नशा मुक्त अल्मोड़ा बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। अपराधियों के प्रति सख्त रुख अपनाया जाएगा।

जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हर थाना–चौकी में हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी। उन्होंने पुलिस कार्यालय के समस्त कार्यालयों और शाखाओं का निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था का जायजा भी लिया। साथ ही कार्मिकों से तमाम जानकारियां भी लीं।

उन्होंने पुलिस कार्मिकों को निर्देश दिए कि कार्यालय आने वाले लोगों के साथ सौम्य व्यवहार कर उनकी हर संभव मदद करें। उन्होंने कार्यालयों का अपग्रेडेशन कर स्मार्ट ऑफिस बनाने के लिए सीओ को जरूरी दिशा निर्देश दिए। रचिता 2015 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं। पूर्व में वह एएसपी अर्बन हरिद्वार, एसपी क्राइम, ट्रैफिक और सिटी नैनीताल, बागेश्वर एसपी और उसके बाद राज्यपाल के एडीसी के पद पर तैनात रहीं।

## वरिष्ठ भाजपा नेता के घर से नौ लाख के जेवर चोरी

रुद्रपुर। परिजनों की गैरमौजूदगी में चोरों ने भाजपा नेता के घर से लाखों रुपये के जेवर सहित लैपटॉप आदि पार कर लिया। चोरी की जानकारी परिजनों को घर पहुंचने पर हुई। सूचना पर पुलिस ने मौका–मुआयना कर घटना की जानकारी ली। वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष सरकार परिजनों के साथ गदरपुर मार्ग पर वार्ड चार में स्थित अपने निवास पर ताला लगाकर बीते 16 फरवरी को बेटी को मुम्बई छोड़ने गए थे। इस बीच चोर उनके घर के दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर घुसे और यहां रखे जेवर और लैपटॉप ले उड़े।

## पशु मित्रों ने की नियुक्ति देने की मांग

चम्पावत। आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त पशु मित्रों ने नियुक्ति देने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने एसडीएम कार्यालय के जरिए डीएम को ज्ञापन भेजा है। पशु मित्र संगठन के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार आर्या के नेतृत्व में पशु मित्रों ने ज्ञापन दिया। उनका कहना है कि आरसेटी ने जिले के 30 युवाओं को एक साल पहले 60 दिनी प्रशिक्षण दिया था। प्रशिक्षण में पशुओं का प्राथमिक उपचार, कृत्रिम गर्भाधान और टीकाकरण से संबंधित दी गई थी। तब प्रशिक्षणार्थियों को दूरस्थ क्षेत्रों में मानदेय पर रखने का आश्वासन दिया था।

# बालिकाओं के स्वास्थ्य शिक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता

पिथौरागढ़। बालिकाओं के स्वास्थ शिक्षा को लेकर बालिका गृह में एक बैठक हुई। जिसमें जिला बालकल्याण समिति की अध्यक्ष लक्ष्मी भट्ट ने कहा कि बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को लेकर काम करने की आवश्यकता है। मंगलवार को बालिका गृह जाखनी में हुई बैठक में भट्ट ने कहा बालिकाओं की शिक्षा बेहद आवश्यक है। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य सहित रचनात्मक गतिविधियों पर भी चर्चा की । समिति की सदस्य रेखा रानी ने बालिकाओं की शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई। पुलिस विभाग की पूजा मेहरा ने बताया कि केंद्र में रह रही बालिकाओं के बारे में जानकारी ली। जिला प्रोवेशन अधिकारी संजय गौरव ने बताया कि कार्ड बालिका गृह में निवासरत बालिकाओं के सर्वागीण विकास को लेकर प्रबन्धन समिति कार्य कर रही है। चिकित्सक ललित भट्ट ने बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं उपलब्ध करायी । बैठक में केंद्र अधीक्षिका हेमा कापड़ी, जिला संरक्षण अधिकारी ऋतू भट्ट, निर्मला पाण्डेय, ममता लूंठी, सुनीता चन्द, पूजा वल्दिया मौजूद रहे।

# मुख्य सचिव ने दिए 20 समिट के लिए पंतनगर से रामनगर तक का रूप प्लान बनाने के निर्देश

हल्द्वानी। मुख्य सचिव एसएस सन्धु ने जी–20 समिट की तैयारियों को लेकर पंतनगर से रामनगर तक मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को रूट प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। कहा कि विदेशी मेहमानों के लिए पंतनगर एयरपोर्ट का सौंदर्यीकरण किया जाए। राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में पहुंचने वाले विदेश मेहमानों के लिए ए–श्रेणी की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। मंगलवार को मुख्य सचिव संधु पन्तनगर एयरपोर्ट पहुंचे। उन्होंने 28 से 30 मार्च तक रामनगर में प्रस्तावित जी–20 सम्मेलन के सफल आयोजन को पन्तनगर एयरपोर्ट में अधिकारियों संग बैठक कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने पंतनगर एयरपोर्ट में यूएस नगर व नैनीताल के अधिकारियों की बैठक की। कहा कि राज्य के लिए यह गौरव का पल है कि उत्तराखंड में जी–20 समिट की तीन बैठकों का आयोजन होना है। रामनगर में होने वाली राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में विदेशों से टॉप वैज्ञानिक शामिल होंगे। उन्होंने निदेशक एयरपोर्ट को सौंदर्यीकरण के साथ मरम्मत, रंग रोगन व प्रसाधन की बेहतर व्यव्यस्था करने के निर्देश दिए। सुरक्षात्मक दृष्टि से हेंगर, लॉन्ज व अन्य स्थलों पर सीसीटीवी स्थापित करने के साथ समिट से दो दिन पहले व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएं। इसके बाद मुख्य सचिव ने रामनगर पहुंचकर सीआरवीआर, ताज, नमहा होटल का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। विदेशी डेलीगेट्स के आवासीय व भोजन इत्यादि की समुचित व्यव्यस्था यहीं की जाएगी। इस अवसर पर अपर प्रमुख सचिव आनंद वर्द्धन, सचिव आरके सुधांशु, डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम, डॉ पंकज पांडेय, मंडलायुक्त दीपक रावत, आईजी नीलेश आनंद भरणे, सचिव विनोद कुमार सुमन, पीसीसीएफ समीर सिन्हा, सीसीएफ पीके पात्रो, जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, युगल किशोर पन्त, एसएसपी पंकज भट्ट, मंजूनाथ टीसी, यूकाडा के अपर सचिव अनिल गर्ब्याल मौजूद रहे।



## युवक ने चाकू मारकर महिला को किया घायल

काशीपुर। ग्राम नमूना के द्योहरी फार्म निवासी महिला को एक नशेड़ी युवक ने घर में घुसकर चाकू मारकर घायल कर दिया। महिला को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं, पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। मंगलवार को ग्राम नमूना के द्योहरी फार्म निवासी फूलवती अपने घर में काम कर रही थी। इसी बीच नशे की हालत में एक युवक चाकू लेकर महिला के घर में घुस गया। युवक ने महिला को चाकू मारकर घायल कर दिया। इसके बाद युवक ने भागने का प्रयास किया। लेकिन लोगों ने पकड़ उसकी जमकर पिटाई कर दी। साथ ही घटना की सूचना बरहैनी चौकी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# आप कार्यकर्ताओं ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला



चम्पावत। आप कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी का विरोध किया। केंद्र सरकार पर तानाशाही करने का आरोप लगाया।

देवीधुरा में मंगलवार को आम आदमी पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश बिष्ट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका। उन्होंने दिल्ली के उप मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी पर रोष जताया। आप नेता राजेश बिष्ट ने कहा कि केंद्र सरकार तानाशाही पर उतर गई है। पहले भी केंद्र सरकार ने शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई जांच की।

लेकिन जांच में सिसोदिया पर लगे आरोप सिद्ध नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार दिल्ली में हो रहे विकास कार्यों को देख कर बौखला गई है। इसलिए लगातार दिल्ली सरकार को परेशान कर रही है

। कहा कि सिसोदिया के शिक्षा के क्षेत्र में किए कार्य की सराहना विदेश में भी हो रही है।

इसी के चलते केंद्र सरकार बदले की भावना से कार्य कर रही है।

# पदभार ग्रहण करने पहुंचे पूर्व प्रधानाचार्य को नहीं दिया प्रवेश

काशीपुर। बहाली के बाद कार्यभार ग्रहण करने पहुंचे पूर्व प्रधानाचार्य को कॉलेज प्रबंधन ने हाईकोर्ट में दायर रिट का हवाला देकर प्रवेश नहीं करने दिया। इस पर वह बिना पदभार ग्रहण किए वापस लौट गए।

दरअसल, पं. गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य अजय शंकर कौशिक को प्रबंधन ने पहले पद मुक्त किया। बाद में जांच में दोषी मानते हुए उन्हें निलंबित कर दिया था। जबकि शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बिना उच्चाधिकारियों अनुमोदन के पदमुक्त कर निलंबित करने को अवैध बताकर पदभार ग्रहण करने को कहा था। मंगलवार को पूर्व प्रधानाचार्य कौशिक बीईओ आरएस नेगी, बांसखेड़ा राप्रावि प्रधानाचार्य धीरेंद्र साहू, बरखेड़ी राप्रावि प्रधानाचार्य अजय कुमार श्रीवास्तव और जीजीआईसी प्रधानाचार्य गीता जायसवाल के साथ कॉलेज कार्यभार ग्रहण करने पहुंचे।

जहां उन्हें गेट पर ही रोक दिया गया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने बीईओ को ही कॉलेज में प्रवेश दिया। कॉलेज की ओर से कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने बीईओ को प्रबंधन की ओर से एक लैटर प्राप्त कराया। बताया कि प्रबंधन ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की है। बताया न्यायालय के अग्रिम आदेशों तक प्रधानाचार्य कार्यभार ग्रहण नहीं कर सकते।

## स्वरोजगार के लिए आगे आएं युवा

बागेश्वर। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी हीरा बल्लभ भट्ट ने कहा कि पहाड़ के युवाओं को स्वरोजगार को आगे आना होगा। वह स्थानीय स्तर पर छोटे–छोटे उद्यम लगा सकते हैं। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से उन्हें प्रशिक्षित भी किया जा रहा है। इस दौरान गरीब लोगों को होली के गणवेश वितरित किए गए। पर्वतीय जन जागरण समिति कठायतबाड़ा के तत्वावधान में आयोजित शिविर की अध्यक्षता दुष्यंत भट्ट ने की।

## एनएसयूआई ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

हल्द्वानी। एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी के बाहर एनएसयूआई कॉलेज इकाई अध्यक्ष सुजल सचिन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड में हो रहे भर्ती घोटालों एवं पेपर लीक मामले को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया। सभी मामलों में सीबीआई जांच कराने की मांग की।

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश में लगातार हो रहे भर्ती घोटालों से युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है। युवा मेहनत कर रहे हैं, लेकिन भर्ती घोटालों की वजह से उन्हें रोजगार नहीं मिल रहा।

अभियान में सौरभ कुमार अंशप्रित, मनदीप, पंकज कुमार, यश कुमार, दीप थुवाल, पवन, करन आदि रहे।

# उत्तराखंड स्टूडेंट फेडरेशन ने नशे के खिलाफ किया प्रदर्शन



हल्द्वानी। कुमाऊंमें बढ़ रहे नशे के कारोबार को लेकर उत्तराखंड स्टूडेंट फेडरेशन ने आईटीआई चौराहे पर शासन–प्रशासन का पुतला फूंका। नशा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। कुमाऊं मंडल अध्यक्ष देवेश सेन ने कहा कि उत्तराखंड में नशा एक गंभीर समस्या बन चुका है। पहाड़ों के अंतिम गांव तक स्मैक जैसा खतरनाक नशा पहुंच चुका है। लगभग हर घर का युवा नशे की चपेट में है। आरोप लगाया कि नशा शासन प्रशासन के सहयोग के बिना समाज में नहीं फैल सकता है। इस बात को हमें समझना होगा और अपनी आने वाली पीढ़ी के भविष्य के लिए नशे के खिलाफ पुरजोर तरीके से मैदान में उतरना होगा। मंडल उपाध्यक्ष आशुतोष पाठक ने कहा की अगर जल्द से जल्द नशा तस्करों पर कार्रवाई नहीं की गई तो प्रदेश भर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। हर्ष तिवारी, दीपांशु पांडेय, अभिलाष जोशी, हरीश राठौर, नरेंद्र सिंह थायत, धीरेंद्र जोशी, दीपक भारतीय, हेमंत जोशी, हरीश सांगुडी, रजत बिष्ट, प्रतीक पनेरू, मंगल भंडारी, मनीष बिष्ट, कर्तव्य पाठक, शिवम सती, सुनील राणा, मिहिर तिवारी, गौरव कोरंगा, युवराज चौधरी, मोहित सिंह खंनी, रोहन बिष्ट, हरीश जोशी, कमल जोशी, सोनू कार्की, सोनू बिष्ट पठान मौजूद रहे।

## 17 पेटी शराब के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

अल्मोड़ा। धौलछीना पुलिस ने 17 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। एएस–ाआई गोकुल प्रसाद ने मंगलवार को बाड़ेछीना तिराहे के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस बीच ऑल्टो कार यूके 01 डी 0442 को रोका गया।

वाहन सवार दीपक सिंह नेगी निवासी खिरौली थाना लमगड़ा के कब्जे से 17 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। मौके पर पुलिस ने शराब को सील कर आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। पुलिस टीम में कांस्टेबल प्रकाश चंद्र, धीरेंद्र, दिनेश पपोला शामिल रहे।

# सात बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर पर कार्रवाई

हल्द्वानी। काठगोदाम पुलिस ने सात बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की है।

एसएसपी पंकज भट्ट के निर्देश पर इन दिनों वांछित बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की जा रही है।

एसओ काठगोदाम प्रमोद पाठक ने बताया कि क्षेत्र में कुछ आरोपी गंभीर मामलों में वांछित हैं। इनमें राहुल थापा निवासी दमुवाढूंगा पर पांच, सरताज उर्फ बबलू निवासी नई बस्ती पर चार, जगदीश चन्द्र आर्या निवासी बेड़ी खत्ता पर चार, मनदीप कुमार निवासी पुरानी चुंगी पर दो, पूरन आर्या दमुवाढूंगा पर तीन, आसिफ खान निवासी गौलाबैराज पर दो और पारुल भाटिया निवासी चांदमारी के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज हैं।

## सितारगंज में फांसी पर लटका मिला युवक का शव

सितारगंजः संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगा ली। मृतक अपने पीछे पत्नी और छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। प्रथम द्दष्टया पुलिस आत्महत्या का मामला मानकर मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चल सकेगा। वार्ड नंबर 2 निवासी 30 वर्षीय इंद्रजीत पुत्र कोमल प्रसाद ने कमरे के कुंडे में फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक जनार्दन भट्ट ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा उप निरीक्षक भट्ट ने बताया कि इंद्रजीत ने मंगलवार की सुबह पत्नी को बैंक काम के सिलसिले में भेज दिया जिसके बाद घर में मौजूद छोटे बच्चों को भी इंद्रजीत ने सामान के बहाने घर से बाहर भेज दिया। कुछ ही देर में इंद्रजीत का शव लटका मिला। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

## जिले में महान वैज्ञानिक सीवी रमन को किया याद

बागेश्वर। जिले में विज्ञान दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान महान वैज्ञानिक सीवी रमन को भावपूर्वक याद किया गया। उनके द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में किए गए कार्य को याद किया गया।

राइंका वज्यूला में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि रमन स्कैनर से विस्फोटक, हीरोइन, अफीम, मिलावट, वस्तुओं की संरचना, रत्नों की गुणवत्ता जैसे कई चीजें पता लगाई जा सकती हैं। जिनके पीछे रमन प्रभाव का सिद्धांत ही कार्य करता है। प्रतियोगिता में विजय कबडोला प्रथम, मोहित सती द्वितीय रहे। मुख्य वक्ता एवं कार्यक्रम संयोजक आलोक पांडेय ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया।

# फ्लाइंग टीम के सामने सुपरफास्ट निकाला ओवरलोड खनन चालक

सितारगंज,वन विभाग की फ्लाइंग टीम ने जिस ओवरलोड खनन को पकड़ा था। उसे लेकर चालक सड़क से ओझल हो गया। फ्लाइंग टीम ओवरलोड खनन को लेकर सिडकुल रोड में वाहन चेकिंग में जुटी थी। जिसको लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

सिडकुल रोड में ओवरलोड खनन वाहनों के खिलाफ वन विभाग की फ्लाइंग टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने पांच खनन वाहनों को जांच के लिए रोका। वाहन में ओवरलोड खनन मिलने पर फ्लाइंग टीम के सदस्य उसे अभिरक्षा में लेकर जाने लगे। तभी ओवरलोड खनन ले जा रहे चालक ने फ्लाइंग टीम को सड़क में चकमा देकर वाहन को दौड़ा दिया। देखते ही देखते फ्लाइंग टीम के सामने ही ओवरलोड खनन वाहन ओझल हो गया। जिसके बाद वन विभाग के छापेमार दस्ते पर सवाल खड़े हो गए है। वन विभाग की फ्लाइंग टीम के देवेंद्र आर्य ने बताया कि ओवरलोड खनन के खिलाफ चेकिंग की जा रही है। एक वाहन में ओवरलोड खनन प्राप्त हुआ है। जिसे लेकर टीम जा रही थी। तभी चालक वाहन लेकर फरार हो गया। उन्होंने कहा कि आगे भी ओवरलोड खनन के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

## व्यापारियों ने दूध के दाम बढ़ाने की सहमति दी

चम्पावत। दूध के दाम बढ़ाने को लेकर किसान यूनियन ने व्यापारियों से संपर्क किया। इस दौरान व्यापारियों ने किसानों की मांग का समर्थन किया। लोहाघाट में बुधवार से दूध का दाम बढ़ कर 40 रुपया प्रति लीटर हो जाएगा। मंगलवार को किसान यूनियन अध्यक्ष मदन मोहन पुजारी और प्रदेश सचिव मोहन बगौली के नेतृत्व में किसानों ने नगर के सभी व्यापारियों से मुलाकात की। कहा कि लंबे समय से दूध के दाम को बढाने की मांग कर रहे थे।

# पशु क्रुरता निवारण समिति की हुई बैठक

देहरादून। ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में पशु क्रुरता निवारण समिति की बैठक मा0 अध्यक्ष उत्तराखण्ड गौ सेवा आयोग राजेन्द्र प्रसाद अन्थवाल की उपस्थिति एवं जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मा0 अध्यक्ष उत्तराखण्ड गौ सेवा आयोग ने निराश्रित पशुओं हेतु नगर निगम एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में भूमि चयन करने तथा अवैध रूप से पशुओं के परिवहन पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने गौ सदनों के लंबित भुगतान करवाने तथा जनपद में संचालित पशु डेयरी का नियमानुसार संचालन करवाने तथा नियमित निरीक्षण करवाने को कहा। जिलाधिकारी ने निराश्रित पशुओं हेतु स्थान चिन्हित करने की कार्यवाही की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त नगर निकाय क्षेत्रों में निराश्रित पशुओं को रखने हेतु जगह चिन्हित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर निगम एवं नगर पालिका परिषदों के अधिशासी अधिकारियों द्वारा बैठक में प्रतिभाग न किए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी को संबंधित अधिकारियों के स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर निगम, नगर पालिका परिषदों द्वारा गौ सदनों के बीजक बजट न होने के कारण लंबित है के भुगतान के संबंध में निदेशक शहरी विकास बोर्ड को बजट हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए। नगर निगम देहरादून अन्तर्गत वर्तमान में संचालित डेयरी की जानकारी मांगने पर नगर निगम देहरादून के अधिकारियों ने अवगत कराया है कि वर्तमान में 72 डेयरी संचालित है। जिलाधिकारी ने नगर निगम एवं नगर निकाय अन्तर्गत संचालित समस्त डेयरियों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए साथ ही डेयरी संचालकों की कार्यशाला आयोजित करने व इस बैठक में आमंत्रित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पुलिस को जानवरों के परिवहन पर नजर रखने हेतु संबंधित चैकी इंचार्ज को निर्देशित करने तथा पशुओं के परिवहन की सूचना पर जांच पड़ताल करने के निर्देश दिए। एसपीसीए के प्रतिनिधियों ने जनपद में पालतू श्वान एवं अन्य पालतू जानवरों के पंजीकरण कराने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को पालतू पशुओं के पंजीकरण कराने तथा पंजीकृत ब्रीडर्स की नियमित निरीक्षण कराने के भी निर्देश दिए।

## 22 मार्च को संसद भवन का होगा घेराव

ऋषिकेश। सरकारी सस्ता गल्ला राशन विक्रेता संघ ने केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोला है। वे कई महीनों से लाभांश नहीं दिए जाने से नाराज हैं। उन्होंने 22 मार्च को दिल्ली में संसद भवन के घेराव का ऐलान किया। मंगलवार को डोईवाला में सरकारी सस्ता गल्ला राशन विक्रेता संघ डोईवाला की बैठक हुई। बैठक में संघ के सदस्यों ने कहा कि सरकारी सस्ता गल्ला राशन विक्रेताओं को जनवरी और फरवरी माह का लाभांश अभी तक नहीं मिला है। पिछले साल का सात महीने का लाभांश भी नहीं मिला है। इसके अलावा उन्होंने सभी विक्रेताओं को मानदेय के तौर पर 5000 रुपये देने, सभी गोदामों में धर्म कांटा लगाने आदि की मांग की। कहा कि इन मांगों को लेकर 22 मार्च को दिल्ली में संसद का घेराव किया जाएगा।

# आर्गेनिक उत्पाद बढ़ाने का प्रयास कर रहा उत्तराखंड: गणेश जोशी

देहरादून। केरल दौरे के दूसरे दिन कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि दुनिया में आर्गेनिक उत्पादों की बढ़ती मांग को देखते हुए, उत्तराखंड अपने ऑर्गेनिक और मिलेट्स उत्पादों को दोगुना करने का प्रयास कर रहा है। गणेश जोशी ने मंगलवार को तिरुवनंतपुरम (केरल) में कृषि विभाग, केरल द्वारा आयोजित वेगा –2023 प्रदर्शनी के दौरान विभिन्न राज्यों के 200 से अधिक स्टॉलों का निरीक्षण किया। जिसमें उत्तराखंड जैविक उत्पाद परिषद के स्टॉल शामिल थे। इस अवसर पर जोशी ने केरल की पशुपालन और डेयरी मंत्री जे चिनचुरानी को उत्तराखंड आने का आमंत्रित भी दिया। कृषि मंत्री कहा कि आज ब्रांडिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग का जमाना है। आज किसान अच्छी पैकेजिंग कर अपने उत्पाद को बाजार में ला रहे हैं, उन्हें उच्छे दाम मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज दुनिया ऑर्गेनिक की ओर बढ़ रही है, इसलिए हमें ऑर्गेनिक की ओर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। इसी दिशा में काम करते हुए उत्तराखंड सरकार 2025 तक ऑर्गेनिक और मिलेट्स में उत्पाद को दोगुना करने का प्रयास कर रही है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रू.) | कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी राशि (रू0) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023:– मुरादाबाद मंडल के गाजियाबाद (जीजेडबी)–हापुर (एचपीयू)–मुरादाबाद (एमबी), मुरादाबाद (एमबी)–बरेली (बीई), बरेली (बीई)–रोजा (आरएसी), रोजा (आरएसी)–सीतापुर कैंट (एस सी सी) खंड में स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग के लिए विद्युत कार्य। | 36278305.95 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 331400.00 | 12 (बारह) माह | निविदायें दिनांक 22.03.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। |

निविदा सूचना सं0: 08/2023 दिनांक :– 27.02.2023 627/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल अभियंता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई–टेन्डर संख्या जिनके बंद होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित हैं। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। निविदा निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | Trial of Continuous Broken Rail Detection System on track 9.55 km section (km 1370.904 to km 1380.454) between MB-BE section on 60 kg track in upline Rampur-Munda Pandey. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 16.03.2023 16:00 hrs. |
| अनुमानित लागत | 1,43,25,000.00 |
| धरोहर राशि | 2,21,600.00 |
| टेन्डर फार्म की लागत | 0.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 18 माह |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 02.03.2023 |

टेन्डर नं. 324-DRM-MB-22-23 दिनांक: 28.02.2023 644/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### रामराज एकेडमी जिला क्रिकेट लीग सेमीफाइनल में पहुंची

देहरादून। जिला क्रिकेट संघ देहरादून की ओर से आयोजित जिला क्रिकेट लीग में रामराज क्रिकेट एकेडमी सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। जीएसआर क्रिकेट ग्राउंड में मंगलवार को रामराज क्रिकेट एकेडमी और दीप बोठियाल क्रिकेट एकेडमी के बीच क्वार्टर फाइनल खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी रामराज क्रिकेट एकेडमी 39.3 ओवर में 236 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जैद सलीम सर्वोधिक 100 रन बनाए। बोठियाल क्रिकेट एकेडमी की ओर से से आतिश उनियाल ने सर्वाधिक चार विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बोठियाल क्रिकेट एकेडमी 39 ओवर में 215 रन पर ऑल आउट हो गई। रामराज क्रिकेट एकेडमी ने 21 रनों से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरा मैच बी–डिविजन का आयुष क्रिकेट ग्राउंड में सोशल बलूनी क्रिकेट एकेडमी और एशियन क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सोशल बलूनी एकेडमी ने निर्धारित 40 ओवर में 08 विकेट के नुकसान पर 231 रन बनाए।


**सहायक अभियन्ता द्वितीय कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, श्रीनगर गढ़वाल**

फोन/फैक्स नं0-01346-252191, ई-मेल - eepwdsrinagar@rediffmail.com, eepwdsrinagar2013@gmail.com

पत्रांक 23/2 एम0जी0 दिनांक- 28/2/2023

**''अति अल्पकालीन निविदा सूचना''**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 श्रीनगर द्वारा निम्नलिखित कार्यों की सील्ड निविदा दिनांक 04.03.2023 को आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.03.2023 से दिनांक 03.03.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 04.03.2023 पूर्वाहन 11.00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते है। 1- कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, 12वॉ वृत्त, लो0नि0वि0 पौड़ी, 2- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0, लो0नि0वि0 श्रीनगर। 3- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0 लो0नि0वि0 पौड़ी, 4- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अ0ख0 लो0नि0वि0 कीर्तिनगर।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0) | निविदा प्रपत्रों का मूल्य (रू0) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी ठेकेदार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | दैवीय आपदा वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत खण्डाह-बछेली मोटर मार्ग के कि0मी0 2 व 3 में क्षतिग्रस्त दीवार का निर्माण कार्य। | Rs.4500.00 | 500.00+ 18% GST | 45 दिन | 20 दिन | डी0 या उच्चतर श्रेणी मार्ग निर्माण |

निविदा दिनांक 04.03.2023 को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। आमंत्रित निविदा की दर जी0एस0टी0 छोड़कर है एवं अन्य कर रॉयल्टी सम्मिलित है। जी0एस0टी0 नियमानुसार अलग से देय होगी। अन्य शर्तें निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
श्रीनगर गढ़वाल



**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0**

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कॉरपोरेट आइडेन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**ई–निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित अधिकारियों हेतु एक–एक बन्द बाडी डीजल चालित जीप/यूटिलिटी दो वर्ष की अवधि के लिये किराये पर लेने हेतु अनुभवी वाहन मालिकों/ट्रैवल एजेन्सी/ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि, अन्य समस्त दस्तावेज तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) आमन्त्रित की जाती है। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर के रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि एवं दस्तावेज के निविदा का द्वितीय भाग नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते है। कार्य अन्य विवरण के लिये वेबसाइट www.uktenders.gov.in को देखें।

| ई–निविदा संख्या | ई–निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी सहित) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | ई–निविदा क्रय करने हेतु अन्तिम तिथि एवं समय | ई–निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | ई–निविदा प्रपत्र आनलाइन एवं ऑफलाइन निविदा प्रथम भाग खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 09/EDDK/22–23 | रू0 590/– | अधिशासी अभियन्ता, वि0 वि0 खण्ड, कोटद्वार। | 0.22 | दि0. 16.03.2023 16.00 बजे तक | दि0. 17.03.2023 11.00 बजे तक | दि0. 17.03.2023 15.00 बजे तक |
| 10/EDDK/22–23 | रू0 590/– | उपखण्ड अधिकारी, वि0वि0 उपखण्ड–प्रथम, कोटद्वार। | 0.22 | दि0. 16.03.2023 16.00 बजे तक | दि0. 17.03.2023 11.00 बजे तक | दि0. 17.03.2023 15.00 बजे तक |
| 11/EDDK/22–23 | रू0 590/– | उपखण्ड अधिकारी, वि0 वि0 उपखण्ड–द्वितीय, कोटद्वार। | 0.22 | दि0. 16.03.2023 16.00 बजे तक | दि0. 17.03.2023 11.00 बजे तक | दि0. 17.03.2023 15.00 बजे तक |
| 12/EDDK/22–23 | रू0 590/– | उपखण्ड अधिकारी, वि0वि0 उपखण्ड – तृतीय, जयहरीखाल। | 0.22 | दि0. 16.03.2023 16.00 बजे तक | दि0. 17.03.2023 11.00 बजे तक | दि0. 17.03.2023 15.00 बजे तक |

पत्रांक : 568/विविखको/टी–6 दिनांक : 28.02.2023 अधिशासी अभियन्ता

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)





## सम्पादकीय

# राष्ट्रहित की अग्निपथ योजना

भारतीय सशस्त्र सेना में अधिक से अधिक युवाओं को सेवा के अवसर प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई अग्रिपथ योजना को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक बड़ा फैसला गया है जिसमें कहा गया है कि अग्नीपथ योजना सही है और यह राष्ट्रीय हित से जुड़ी हुई है। अग्नीपथ योजना लागू होने के साथ ही बड़े व्यापक स्तर पर इसका विरोध शुरू हो गया था। योजना को लेकर राजनीतिक स्तर पर ही आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ और अलग-अलग तर्क अग्नीपथ योजनाओं को लेकर पेश किए गए। यहां तक कहा गया कि अग्रिपथ योजना से ना केवल सेना कमजोर होगी बल्कि 4 वर्ष बाद सेना की नौकरी पूरी करने वाले नौजवान कम उम्र में ही बेरोजगार कर दिए जाएंगे, ऐसी परिस्थितियों में यह अग्रिवीर अपराध जैसे रास्ते पर भी चल सकते हैं। विरोधी इन बातों को सकारात्मक तरीके से भी पेश कर सकते थे लेकिन जानबूझकर नकारात्मक बातें फैला कर युवाओं को पद से भटकाने का भी कार्य किया गया। हालांकि इन तमाम बातों के बावजूद केंद्र सरकार अपने फैसले से पीटे नहीं हटी और अग्रि वीर की भर्तियों को लेकर देशभर में भर्तियां शुरू की गई। युवाओं ने भी योजना में बड़ी संख्या में शामिल होकर विरोधियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। अग्निवीर योजना को गलत बताने के लिए युवाओं को भड़काया तक गया जिसके परिणाम स्वरूप देश के कई हिस्सों में हिंसा की खबरें भी सामने आई हालांकि यह स्पष्ट था कि इन घटनाओं को लेकर जानबूझकर युवाओं को भड़काने का काम किया गया था। योजना को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई जहां उच्चतम न्यायालय ने इन सभी याचिकाओं की सुनवाई के लिए हाई कोर्ट को प्रेषित कर दिया। इधर हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि अग्नीपथ योजना राष्ट्रहित के उद्देश्य से शुरू की गई है और इसका विरोध करने का कोई औचित्य नहीं है। हो सकता है सेना में नियमित सेवा देने का मौका कुछ कब हुआ हो लेकिन 4 वर्ष के बाद युवाओं के आगे ना केवल तमाम अवसर मौजूद रहेंगे बल्कि अग्निवीर बनने वाले 25ः सैनिकों की सेवाओं को सशस्त्र सेना के तहत आगे बढ़ाया जा सकता है। पूर्व सैनिक होने के नाते 4 वर्ष की सेवा शर्त पूरी करने वाले अग्नि वीरों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर खुले रहेंगे। साथ ही 4 वर्ष की अवधि पूरी करने के बाद में अग्नि वीरों को सेना से जुड़ने का मौका मिलेगा और अधिक से अधिक नागरिक भारतीय सेना का हिस्सा बनने का सौभाग्य आने वाले वर्षों में प्राप्त करते रहेंगे। अग्निवीर योजना को विदेशों में चलने वाली अनिवार्य सैनिक सेवा से भी जोड़ कर देखा जा सकता है जहां प्रत्येक नागरिक को अपने देश की सेना के लिए कुछ समय देना ही पड़ता है।

# नशीले पदार्थों की तस्करी : खत्म करना होगा काला धंधा

**गृह मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार ड्रग्स के मामले में अभी तक , गिरफ्तारियां हुई हैं, और , केस दर्ज हुए हैं। देश में गांजा और हीरोइन की तस्करी सबसे अधिक होती है। उसके बाद अफीम, कोकीन और दूसरे रासायनिक ड्रग्स आते हैं। उल्लेखनीय है कि जलमार्ग, थलमार्ग, नभमार्ग के रास्ते आने वाले कूरियर और पार्सल द्वारा ड्रग्स की मात्रा जांच एजेंसियों द्वारा पकड़ी गई ड्रग्स की मात्रा से अधिक है अर्थात एजेंसियों द्वारा पकड़ी गई ड्रग्स नशे के काले धंधे का छोटा अंश मात्र है। आज भी बहुत सारे जांच अधिकारियों को यह ज्ञात ही नहीं है कि नशे के धंधेबाजों की संपत्तियों को अपने अधिकार में लेकर उन्हें बेचा जा सकता है। यह ऐसा पक्ष है, जिस पर सरकार को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके लिए प्रशिक्षण, सेमिनार, वर्कशप द्वारा इस क्षेत्र में काम करने वाली एजेंसियों के कमर्चारियों और अधिकारियों को जागरूक किया जा सकता है। हर जोन में ऐसे अधिकारी को नियुक्त करने की भी व्यवस्था की जाए जो केवल वित्तीय अनुसंधान की निगरानी करे, जरूरी सुझाव दे और जरूरत पडने पर प्रभावशाली समाधान प्रस्तुत करने में समर्थ हो।**




**रत्नेश**

भारत में नशे का धंधा तेजी से फल-फूल रहा है। इसकी व्यापकता इतनी बढ़ गई है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मुख्य सचिवों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में कहना पड़ा कि राज्य सरकारें ड्रग्स से उत्पन्न चुनौतियों को केंद्र के सामने लाएं।

इस समस्या के समूल नाश के लिए भी हर मुमकिन कोशिश करें क्योंकि यह आर्थिक-सामाजिक समस्याओं का कारण तो है ही साथ ही हमारे अस्तित्व के लिए भी खतरा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी इस समस्या के खतरों से बाबस्ता हैं। सीतारमण के अनुसार सोने की तस्करी तो सिर्फ अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाती है, लेकिन ड्रग्स की तस्करी हमारी कई पीढियों को बर्बाद कर देती है।

संसद के शीतकालीन सत्र में सांसदों ने ड्रग्स के नकारात्मक पहलुओं पर चर्चा की और इसके प्रसार पर लगाम लगाने की वकालत की। सांसदों की चिंता से सहमति जताते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इसमें दो राय नहीं कि आज ड्रग्स से नई पीढ़ी बर्बाद हो रही है, अर्थव्यवस्था कमजोर पडने लगी है, और आतंकवाद को खाद-पानी मिल रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने सभी संबंधित एजेंसियों को मिलकर काम करने के लिए निर्देशित किया है, और कहा है कि आपस में समन्वय, सहयोग और तालमेल बनाकर काम करें। अमित शाह ने यह भी कहा कि ड्रग्स की आय से अर्जित संपत्तियों को प्राथमिकता के आधार पर जब्त करके बेचने की भी आवश्यकता है, क्योंकि इससे सरकार के पास पैसे आएंगे और वह नशे के धंधे को रोकने में समर्थ हो सकेगी। आज ड्रग्स के साथ-साथ हथियार और गोला-बारूद की भी तस्करी की जा रही है। ड्रग्स और हथियार के बीच चोली-दामन का रिश्ता बनता जा रहा है। गृह मंत्री अमित शाह चाहते हैं कि ड्रग्स सरहद तक या फिर सरहद या बंदरगाह या एयरपोर्ट से पान की दुकान तक या स्कूल परिसर या कलेज परिसर तक न पहुंचे, इसके लिए समुचित उपाय करने की जरूरत है। गृह मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार ड्रग्स के मामले में अभी तक , गिरफ्तारियां हुई हैं, और , केस दर्ज हुए हैं। देश में गांजा और हीरोइन की तस्करी सबसे अधिक होती है। उसके बाद अफीम, कोकीन और दूसरे रासायनिक ड्रग्स आते हैं। उल्लेखनीय है कि जलमार्ग, थलमार्ग, नभमार्ग के रास्ते आने वाले कूरियर और पार्सल द्वारा ड्रग्स की मात्रा जांच एजेंसियों द्वारा पकड़ी गई ड्रग्स की मात्रा से अधिक है अर्थात एजेंसियों द्वारा पकड़ी गई ड्रग्स नशे के काले धंधे का छोटा अंश मात्र है।

आज भी बहुत सारे जांच अधिकारियों को यह ज्ञात ही नहीं है कि नशे के धंधेबाजों की संपत्तियों को अपने अधिकार में लेकर उन्हें बेचा जा सकता है। यह ऐसा पक्ष है, जिस पर सरकार को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके लिए प्रशिक्षण, सेमिनार, वर्कशप द्वारा इस क्षेत्र में काम करने वाली एजेंसियों के कमर्चारियों और अधिकारियों को जागरूक किया जा सकता है। हर जोन में ऐसे अधिकारी को नियुक्त करने की भी व्यवस्था की जाए जो केवल वित्तीय अनुसंधान की निगरानी करे, जरूरी सुझाव दे और जरूरत पडने पर प्रभावशाली समाधान प्रस्तुत करने में समर्थ हो। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में करोड़ लाख लोग हेरोइन का सेवन करते हैं , जिनमें से लाख लोग पूरी तरह से हेरोइन पर निर्भर हैं, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर चिकित्सा एवं पुनर्वासन की सुविधा उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। हेरोइन के नशे में गिरफ्त लोग मुख्य रूप से पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं। मंत्रालय द्वारा किए गए राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार देश में करोड़ से अधिक ड्रग्स का सेवन करने वालों में से आयु वर्ग के लोग सबसे अधिक हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार में , किलो ग्राम हेरोइन की खेप पकड़ी गई जबकि में केवल किलो ग्राम हेरोइन पकड़ी गई थी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि ड्रग्स की तस्करी कितनी रफ्तार से बढ़ रही है।

ड्रग्स आसानी से पैसा कमाने का सबसे आसान रास्ता माना जाता है, लेकिन यह महज भ्रांति है, क्योंकि इसकी गिरफ्त में आने के बाद इंसान मौत के बहुत ही नजदीक चला जाता है, या फिर असमय काल-कवलित हो जाता है। चूंकि पुलिस या अन्य जांच एजेंसियों की गिरफ्त में नशे के धंधेबाज या नशे की लत के शिकार लोग अक्सर नहीं आते हैं, इसलिए लोग इस काले धंधे से डरने की जगह नशे के दलदल में धंसते चले जाते हैं। आम तौर पर जांच एजेंसियां जिन्हें पकड़ती हैं, वे केवल प्यादा भर होते हैं, असली खिलाड़ी कहीं दूर बैठकर कठपुतलियों को नचाता रहता है। हालांकि, नशे के काले धंधे को रोकने की दिशा में लगातार प्रयास हो रहे हैं।

बीएसएफ, एसएसबी, असम राइफल्स, भारतीय तटरक्षक, एनआ-ईए और आरपीएफ, एनसीबी, सीबीएन, राज्यों की पुलिस आदि को स्वापक औषधि और मनरूप्रभावी पदार्थ अधिनियम, में अंतर्निहित अधिकार दिए गए हैं ताकि नशे के धंधे पर रोक लगाई जा सके। इस बहुआयामी लड़ाई में ड्रग्स की खपत कम करना अर्थात ड्रग्स की मांग घटाना भी अति महवपूर्ण है। यह तभी संभव है, जब ड्रग्स की गिरफ्त में जकड़े लोगों को सलाह एवं उपचार द्वारा स्वस्थ किया जाए। ऐसा प्रयास सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है, जो नशे के आदी व्यक्ति के उपचार एवं पुनर्वास कार्य में जुटा हुआ है। इस क्रम में जांच एजेंसियों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि ड्रग्स के जिन धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया है, उन्हें सक्षम न्यायालय द्वारा कम से कम वर्ष या उससे अधिक की अवधि के लिए सश्रम कारावास की सजा सुनाई जाए। ड्रग्स के धंधेबाजों को वर्ष या अधिक की सजा होती है तो उनके द्वारा अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को कब्जे में लेकर बेचने में जांच एजेंसियों को आसानी होगी और आरोपी जांच को प्रभावित भी नहीं कर सकेंगे। प्रायरू होता यह है कि एक ही अधिकारी ड्रग्स की खेप पकडने से लेकर अदालत में जिरह करने और वित्तीय अनुसंधान करने तक का काम भी करता है, जबकि वह प्रत्येक कार्य में दक्ष नहीं होता। ऐसी स्थिति में बदलाव लाने की जरूरत है।

उम्मीद है कि सरकार जल्द ही इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करेगी क्योंकि इस साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर नशामुक्त भारत की झांकी बताती है कि सरकार ड्रग्स के धंधेबाजों को नेस्तनाबूद करने के लिए त संकल्पित है।

# मोशन सिकनेस की समस्या होने पर इन खाद्य पदार्थों का करें सेवन



मोशन सिकनेस एक ऐसी स्थिति है, जिसमें इंसान को लंबी यात्रा के दौरान चक्कर, उल्टी और बेचौनी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यदि आप भी यात्रा के दौरान इन्हीं लक्षणों को महसूस करते हैं तो आपको मोशन सिकनेस है। इससे बचाव के लिए आपको यात्रा से पहले, यात्रा के दौरान और बाद में अपने खान-पान को लेकर सावधान रहना चाहिए। आइए आज इस समस्या से राहत दिलाने वाले पांच खाद्य पदार्थों के बारे में जानते हैं।

### सौंफ

यात्रा के दौरान जब भी आप मिचली या बेचौनी महसूस करें तो सौंफ का सेवन बेझिझक कर सकते हैं। दरअसल, सौंफ में कार्मिनोटिव गुण होते हैं, जो गैस और सूजन को कम करने में मदद करते हैं। इस वजह से कुछ रेस्टोरेंट में खाने के बाद अक्सर सौंफ भी दिया जाता है। अगली बार जब भी आप लंबी यात्रा करें और आपको मोशन सिकनेस के लक्षण महसूस होने लगें तो सौंफ का सेवन जरूर करें।

### इलायची

इलायची रसोई में आराम से मिल जाती है और यात्रा के दौरान बेचौनी महसूस होने पर इसका सेवन काफी प्रभावी होता है। यह मोशन सिकनेस से राहत दिलाने के अलावा मुंह की बदबू को दूर करने में और तनाव को कम करने में भी मदद करती है। इसके अलावा यह पाचन से जुड़ी समस्याओं और सर्दी-खांसी के उपचार में भी बहुत कारगर है।

### मुलेठी

मुलेठी झाड़ीनुमा पौधे का तना होता है, जिसे काटने के बाद सुखाया जाता है और फिर इसका इस्तेमाल छोटे-छोटे टुकड़ों में या फिर पाउडर के रूप में किया जाता है। लंबी यात्रा करने से पहले इसके पाउडर को चाय में डालकर पीने से मोशन सिकनेस की समस्या से राहत मिलेगी। इसके अलावा मुलेठी में गैस्ट्रो प्रोटेक्टिव गुण पाए जाते हैं, जो गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल रोगों को दूर करने में भी सहायक हैं।

### केला

केला का सेवन ऊर्जा के स्तर को बनाए रखने में काफी मदद्गार है। यदि आपको यात्रा के दौरान उल्टी और दस्त की समस्या होती है तो इसकी वजह से कमजोरी महसूस होना लाजमी है क्योंकि इनसे शरीर में पोटैशियम की कमी हो जाती है। इसी वजह से मोशन सिकनेस से राहत पाने के लिए केला का सेवन एक अच्छा विकल्प है। इसके अलावा यह पाचन क्रिया को भी ठीक करने में मदद्गार होता है।

### अदरक

मोशन सिकनेस से राहत दिलाने में अदरक दवाई की तरह काम कर सकता है। इसका सेवन यात्रा के दौरान होने वाले अजीब से अहसास और प्लाज्मा वैसोप्रेसिन (हार्मोन) में वृद्धि को रोककर मोशन सिकनेस को कम कर सकता है। इस समस्या से राहत पाने के लिए अदरक के छोटे टुकड़े को धीरे-धीरे चबाते रहें। जब भी किसी यात्रा की शुरूआत करें तो इस उपाय को जरूर अपनाएं।

# यह कैसे संभव है ?

**कौन निर्दोष यह तय करने का अधिकार ताकत और जनता के एक हिस्से में समर्थन रखने वाले गैर-सरकारी गुटों को मिल गया है। इस सिलसिले में यह कहा जा सकता है कि चूंकि बाकी देश में धार्मिक रूप से बहुसंख्यक समुदाय के गुट ऐसे अधिकार् को रोज ही जता रहे हैं, तो पंजाब में धार्मिक रूप से बहुसंख्यक समुदाय ने भी एक बार फिर यह राह पकड़ ली है। लेकिन जिन लोगों को सचमुच इस देश के भविष्य की चिंता है, उन्हें यह अवश्य ध्यान में रखना चाहिए कि रूल अफ ल (कानून के राज) को ऐसी चुनौतियां भारत को उथल-पुथल की दिशा में ले जा सकती हैं।**

*वारिस पंजाब दे* नाम के संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह ने अपनी उग्र गतिविधियों और बयानों से जरनैल सिंह भिंडरावाले की याद दिला दी है। अमृतसर की घटनाएं देश के लिए बेहद खतरनाक संकेत हैं।

पंजाब में एक व्यक्ति खुलेआम खालिस्तान की वकालत करे, उसके एक साथी को रिहा कराने के लिए उसके सैकड़ों समर्थक अमृतसर में एक थाने पर धावा बोल दें, पुलिस उसे रिहा करने पर तैयार हो जाए और उस पर राज्य या केंद्र सरकारों की कोई प्रतिक्रिया नहीं आए- सामान्य स्थितियों में यह संभव नहीं हो सकता। लेकिन ऐसा हुआ है, और वह भी उस समय जब देश में कथित रूप से एक मजबूत सरकार है। च्वारिस पंजाब देज् नाम के संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह ने अपनी उग्र गतिविधियों और बयानों से जरनैल सिंह भिंडरावाले की याद दिला दी है। खुलेआम देश के गृह मंत्री की इंदिरा गांधी जैसी हालतज् करने की धमकी देने वाले इस शख्स ने फिलहाल पंजाब पुलिस को अपने आगे समर्पण करने के लिए मजबूर कर दिया। उसके साथी लवप्रीत सिंह तूफान को जेल से छोड़ दिया गया। ऊपर से तुर्रा यह कि जिस मामले में तूफान को गिरफ्तार किया गया, उसमें उसके च्निर्दोष होने का सबूतज् अमृतपाल के समर्थकों ने पुलिस के सामने रखा और पुलिस ने उसे स्वीकार कर लिया। यानी अब साक्ष्यों के बारे में फैसला करने का अधिकार पुलिस के पास आ गया है।

या फिर कौन दोषी है- कौन निर्दोष यह तय करने का अधिकार ताकत और जनता के एक हिस्से में समर्थन रखने वाले गैर-सरकारी गुटों को मिल गया है। इस सिलसिले में यह कहा जा सकता है कि चूंकि बाकी देश में धार्मिक रूप से बहुसंख्यक समुदाय के गुट ऐसे अधिकार् को रोज ही जता रहे हैं, तो पंजाब में धार्मिक रूप से बहुसंख्यक समुदाय ने भी एक बार फिर यह राह पकड़ ली है। लेकिन जिन लोगों को सचमुच इस देश के भविष्य की चिंता है, उन्हें यह अवश्य ध्यान में रखना चाहिए कि रूल अफ ल (कानून के राज) को ऐसी चुनौतियां भारत को उथल-पुथल की दिशा में ले जा सकती हैं। इसलिए ऐसी प्रवृत्तियों पर तुरंत लगाम लगाने की जरूरत है। इसके लिए राज्य को सामुदायिक विवादों के बीच अपनी निष्पक्ष भूमिका फिर से हासिल करनी होगी और कानून को चुनौती देने वाले समूहों के खिलाफ पूरी सख्ती से पेश आना होगा।

# जोशीमठ : अधर में लटका भविष्य



**दरअसल, एक सुरंग खोदने के लिए कुछ अन्य सुरंगें भी खोदनी (एडिट) होती हैं, जिनसे मलबा बाहर निकाला जाता है, और मशीनें अंदर पहुंचाई जाती हैं। इसलिए माना जा सकता है कि जोशीमठ की जमीन के अंदर सुरंगों का जाल बना हुआ है, जहां से भूमिगत पानी का रिसाव हो रहा है। लेकिन रिपोर्ट मिलने के बाद भी सरकार खामोश है क्योंकि परियोजना का लगभग प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। जोशीमठ को लेकर शुरू से ही सरकारें अनिर्णय और भ्रम की स्थिति में रहीं।**

**जयसिंह रावत**

आपदाग्रस्त पौराणिक नगर जोशीमठ को लेकर देश के आठ विशेषज्ञ संस्थानों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट एनडीएमए को सौंप दी हैं।

राज्य सरकार ने लगभग उसी आधार पर पुनर्वास एवं मुआवजे का पैकेज भी घोषित कर दिया। लेकिन बावजूद इसके स्थिति स्पष्ट नहीं हो रही है। होगी भी कैसे? जोशीमठ में नित नई दरारों और गड्ढों के कारण स्थिति गंभीर होती जा रही है। पहले से आई दरारें चौड़ी होती जा रही हैं। मकान एवं खेतों के बाद अब बदरीनाथ नेशनल हाईवे में दरारें दिनोंदिन बढ़ती जा रही हैं। सडक में दरारों के साथ कुछ दिनों से भारी गड्ढे भी होने लगे हैं। नगर के कुछ स्थानों पर बदरीनाथ हाईवे हल्का धंसने भी लगा है। सुनील, स्वी, मनोहरबाग, टिनाग, सिंहधार, मारवाड़ी, चुनार, गांधीनगर, रविग्राम, कोठिला आदि सभी जगहों पर बड़ी तादाद में मकानों में दरारें आ रखी हैं। दरारों के चौड़ा होने से कुछ मकान झुकने लगे हैं।

यह स्थिति तब है जब इस साल शीत ातु में बारिश केवल नाममात्र की ही हुई। लोग जून से शुरू होने वाली बरसात की कल्पना से ही सिहर उठते हैं। भूवैज्ञानिक भी बरसात में दरारों में पानी घुसने से उत्पन्न स्थिति की आशंका से चिंतित हैं। जो शहर बिना बरसात ही धंसने लगा हो उसकी हालत बरसात में क्या होगी, यही मारक प्रश्न लोगों को सता रहा है। स्थिति को संभालने के लिए फौरी तौर पर दरारों को मिट्टी गारे से भरने का काम किया जा रहा है। लेकिन जब तक भूमिगत स्थिरता कायम नहीं होती तब तक जमीन में हलचल रहेगी ही। अगर इस बरसात में हालात बदतर नहीं हुए तो सरकार वहां स्थायी पुनर्निर्माण कर सकती है। दूसरी ओर, सरकार अभी भी जोशीमठ की बरबादी के लिए मेगावट क्षमता की तपोवन-विष्णुगाड जल विद्युत परियोजना को जिम्मेदार मानने को तैयार नहीं है जबकि नागरिकों और स्वतंत्र भूवैज्ञानिकों के साथ ही पर्यावरणविद् भी शुरू से इस परियोजना की सुरंग को जोशीमठ के लिए विनाशकारी मानते रहे हैं। लेकिन अब स्वयं सरकार के ही श्रीदेव सुमन विविद्यालय के भूवैज्ञानिकों ने अपनी रिपोर्ट में इस परियोजना की .किमी. लंबी सुरंग के निर्माण को जोशीमठ आपदा के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

दरअसल, एक सुरंग खोदने के लिए कुछ अन्य सुरंगें भी खोदनी (एडिट) होती हैं, जिनसे मलबा बाहर निकाला जाता है, और मशीनें अंदर पहुंचाई जाती हैं। इसलिए माना जा सकता है कि जोशीमठ की जमीन के अंदर सुरंगों का जाल बना हुआ है, जहां से भूमिगत पानी का रिसाव हो रहा है। लेकिन रिपोर्ट मिलने के बाद भी सरकार खामोश है क्योंकि परियोजना का लगभग प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

जोशीमठ को लेकर शुरू से ही सरकारें अनिर्णय और भ्रम की स्थिति में रहीं। इस खतरे की घंटी में मिश्रा कमेटी ने बजा दी थी, लेकिन किसी भी सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। उसी समय नगर का मास्टर प्लान बना कर नगर नियोजन किया जाता और उसकी कैरीइंग कपैसिटी के मुताबिक निर्माण की अनुमति दी जाती तो आज हालात यहां तक नहीं पहुंचते। जोशीमठ के लोग पिछले महीनों से किसी अनिष्ट की आशंका से डरे हुए थे। आशंका के द्दष्टिगत राज्य सरकार ने विशेषज्ञ संस्थानों से पिछले साल जुलाई में जोशीमठ की स्थिति का आकलन कराया था। उस विशेषज्ञ दल ने पहले ही जोशीमठ के खतरे से सरकार को अवगत करा दिया था लेकिन सरकार ने विशेषज्ञों की रिपोर्ट पर ध्यान देने की बजाय कमन सिविल कोड और धर्मातरण कानून पर ध्यान केंद्रित किया।

अभी तक आपदाग्रस्त क्षेत्र का बेसलाइन मैप तक तैयार नहीं हो पाया है जबकि नक्शे बनाने वाले संस्थान सर्वे अफ इंडिया का मुख्यालय देहरादून में ही है। ड्रोन के माध्यम से कंटूर मैपिंग का प्रयास विफल हो चुका है। आपदाओं का न्यूनीकरण और प्रबंधन तीन चरणों में किया जाता है-पहला, आपदा से पहले रोकथाम काय दूसरा, बचाव एवं राहत काय तथा तीसरा, पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण का। लेकिन जोशीमठ के मामले में सरकार के प्रयास तीनों चरणों में खास नजर नहीं आए। राज्य सरकार ने मुआवजे और पुनर्वास के पैकेज की घोषणा तो कर दी लेकिन इसे धरती पर उतारना चुनौती से कम नहीं। कारण, बाढ़, भूकंप जैसी आपदाओं में एक ही झटके में नुकसान हो जाता है, जिसका तत्काल आकलन किया जा सकता है लेकिन यहां स्थिति भिन्न है। कल जो मकान सीधा खड़ा दिखाई देता था, आज टेढ़ा नजर आ रहा है। मकानों पर दरारें चौड़ी होती जा रही हैं। सरकार ने दरारों वाले लगभग मकानों पर लाल निशान लगाए हुए हैं मगर को ही असुरक्षित बताया है। कुछ लोगों को शिकायत है कि उनके मकानों पर लाल निशान तो लगा दिए गए मगर मकान खाली नहीं कराए गए। मकान असुरक्षित नहीं तो मकानों पर क्रस के लाल निशान क्यों लगा दिए गए। वैसे भी वहां मकानों की स्थिति बदलती जा रही है। व्यावहारिक सवाल तो यह है कि जब शहर के नीचे की जमीन खिसक रही हो तो किसी भी मकान को कैसे सुरक्षित माना जा सकता है, और कैसे उसकी आंशिक या पूर्ण क्षतिग्रस्त की श्रेणी तय की जा सकती है।

# परीक्षा के लिए पढ़ाई करते समय ध्यान केंद्रित रखने के लिए अपनाएं ये टिप्स

परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन के लिए छात्र बड़ी मेहनत से सालभर इनकी तैयारी करते हैं। हालांकि, तैयारी करते वक्त छात्रों का दिमाग भटकता रहता है और उनका मन पढ़ाई में नहीं लग पाता है, जिसकी वजह से उनका समय बर्बाद होता है और फिर तनाव बढ़ जाता है। जीवनशैली में कुछ बहुत बदलाव करके इससे बचा जा सकता है। आइए आज हम आपको पढ़ाई के दौरान भटकते दिमाग को फिर से केंद्रित करने के तरीके बताते हैं।

किसी भी काम को करने के लिए जरूरी है कि आप उस पर अच्टे से ध्यान लगाएं। दरअसल, एक ही समय पर कई काम करने से ध्यान बंट जाता है। इसकी वजह से एक भी काम ठीक तरीके से नहीं होता है। इसके विपरीत एक समय में एक काम पर ध्यान केंद्रित करने से आपका दिमाग इधर-उधर नहीं भटकेगा और काम भी बेहतर तरीके से होगा।

जब आप डे-ड्रीमिंग के इरादे से दिन में ब्रेक लेते हैं तो इसका मतलब है कि आप अपने मन को भटकने के लिए समय दे रहे हैं। इसके बाद जब आप दोबारा पढ़ाई करने के लिए बैठते हैं तो ब्रेक के बाद आपको बेहतर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है। इस दौरान अपका दिमाग इधर-उधर नहीं भटकता है और आप अपने विचारों पर ध्यान अच्टे से केंद्रित कर पाते हैं। इसकी वजह से आपका फोकस भी बढ़ सकता है।

पढ़ाई के दौरान कभी-कभी मन अपने आप भटकने लगता है और फिर वापस से ध्यान केंद्रित करने में बहुत समय निकल जाता है। इस वजह से काफी समय बर्बाद हो जाता है और आप कुछ भी अच्छा नहीं कर पाते हैं।

इसके बचाव के लिए जब भी आपका मन भटकने लगे तो उस दौरान मन में आने वाले विचारों पर ध्यान दें।

# सीडब्लुसी में गांधी परिवार के तीन सदस्य होंगे

कांग्रेस के साल के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा कि नेहरू गांधी परिवार के तीन सदस्य एक साथ कांग्रेस कार्य समिति में होंगे। इससे पहले संभवतरू कभी ऐसा नहीं हुआ है। परिवार के दो सदस्य तो एक साथ कार्य समिति में रहे हैं। लेकिन कांग्रेस की जो नई कार्य समिति बनेगी उसमें परिवार के तीन सदस्य एक साथ रहेंगे। कांग्रेस ने संविधान में संशोधन करके पूर्व अध्यक्षों को स्थायी सदस्य बनाने की व्यवस्था कर दी है। ध्यान रहे पार्टी में अभी सिर्फ दो ही पूर्व अध्यक्ष हैं। एक तो साल से ज्यादा समय तक अध्यक्ष रहीं सोनिया गांधी और दूसरे करीब दो साल तक अध्यक्ष रहे राहुल गांधी। सो, ये दोनों कार्य समिति के सदस्य रहेंगे। सोनिया गांधी भले सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लें लेकिन कार्य समिति की सदस्य बनी रहेंगी।

कांग्रेस कार्य समिति में तीसरी सदस्य प्रियंका गांधी वाड्रा होंगी। अगर संविधान के मुताबिक कार्य समिति के सदस्यों का चुनाव होता तो प्रियंका के चुनाव लडने की संभावना थी। लेकिन अब सभी सदस्य मनोनीत होंगे। बताया जा रहा है कि पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे उनको कार्य समिति में मनोनीत करेंगे। वैसे भी वे चार साल से पार्टी की महासचिव हैं, उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की प्रभारी रही हैं और हाल ही में हिमाचल प्रदेश के चुनाव में उन्होंने अकेले प्रचार किया और चुनाव जीतने का श्रेय उनको दिया गया। राहुल गांधी उस समय भारत जोड़ो यात्रा कर रहे थे। रायपुर के कांग्रेस अधिवेशन में भी प्रियंका गांधी वाड्रा को मंच पर प्रमुखता से जगह मिली थी। वे आगे के चुनावों में भी कांग्रेस की स्टार प्रचारक रहने वाली हैं। इसलिए कार्य समिति में उनके लिए स्वाभाविक रूप से जगह बनती है।

## रसेल क्रो, ब्रिटनी थेरियट को ऑस्ट्रेलियाई रेस्तरां में सेवा देने से इन्कार किया

**लॉस एंजेलिस एजेंसी।** अभिनेता रसेल क्रो और उनकी प्रेमिका ब्रिटनी थेरियट को अस्ट्रेलिया के एक रेस्तरां में स्मार्ट-कैजुअल ड्रेस कोड पूरा नहीं करने पर सर्विस देने से मना कर दिया गया। दंपति मेलबोर्न में एक जापानी-फ्यूजन प्रतिष्ठान मियागी में खाने के लिए गए थे, वह टेनिस खेलते समय पहने जाने वाले कपड़ों के साथ वहां पहुंचे थे, लेकिन कर्मचारियों ने उन्हें प्रवेश देने से मना कर दिया। क्रो के प्रबंधक ग्रांट वैंडेनबर्ग ने डेली मेल अस्ट्रेलिया को बताया।

क्रो के प्रबंधक ग्रांट वैंडेनबर्ग ने डेली मेल अस्ट्रेलिया को बताया, वह (रसेल) बिल्कुल नया राल्फ लरेन पोलो पहनकर वहां गए थे, उन्हें लौटा दिया गया। रेस्तरां खुद को आकस्मिक लेकिन फैंसी के रूप में वर्णित करता है जहां वर्क गियर, एक्टिववियर, सिंगल और थोंग्स (फ्लिप-फ्लप) मना किया जाता है।

प्रबंधन ने ग्लेडिएटर स्टार को बाहर निकालने के अपने फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कोई भी उनके नियमों से ऊपर नहीं है। रेस्तरां के मालिक क्रिस्टियन क्लेन ने श्द हेराल्ड सन को बताया, हम सभी के साथ एक जैसा व्यवहार करते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कौन हैं या आप रसेल क्रो हैं। हमारे पास एक ड्रेस कोड है जिसे हम हर स्तर पर लागू करते हैं।

## तुर्की में 5.6 तीव्रता का भूकंप, एक की मौत, 69 घायल

**अंकारा एजेंसी।** पूर्वी तुर्की में आए 5.6 तीव्रता के भूकंप के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 69 अन्य घायल हो गए। भूकंप का केंद्र मालट्या प्रांत के येसिलर्ट जिले में स्थित था, जो पहले ही 6 फरवरी को भूकंप के झटके महसूस कर चुका था। आपदा और आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण (एएफएडी) ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में भूकंप से पहले क्षतिग्रस्त हुई 25 इमारतें ढह गईं।

इसके पहले 6 फरवरी को तुर्की के दक्षिणी प्रांत कहारनमारस में 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके कुछ मिनट बाद देश के दक्षिणी प्रांत गजियांटेप में 6.4 तीव्रता का भूकंप आया और 1 बजे 7.6 तीव्रता का भूकंप आया था। 20 फरवरी को दक्षिणी तुर्की में हटे प्रांत में दो और भूकंप आए, इसमें छह लोगों की मौत हो गई।

## डब्ल्यूएचओ ने की युद्धग्रस्त यमन में स्वास्थ्य सेवा के लिए दान देने की अपील

**सना एजेंसी।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने विश्व समुदाय से 2023 में 129 करोड़ यमनी नागरिकों को आवश्यक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने के लिए 392 करा-ड़ अमेरिकी डलर दान में देने की अपील की है।

डब्ल्यूएचओ के एक बयान में यमन में डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि अधम अब्देल मोनीम इस्माइल के हवाले से कहा गया है, यमन को अपनी स्वास्थ्य प्रणाली के संभावित पतन को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय दाताओं और अन्य भागीदारों से तत्काल तथा मजबूत समर्थन की आवश्यकता है। यह अपील यमन में मानवीय संकट के लिए एक उच्च-स्तरीय संकल्प कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर की गई। यह संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व वाली फंड जुटाने वाली गतिविधि है।

इसकी बैठक सोमवार को जिनेवा, स्विट्जरलैंड में आयोजित की गई। डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि ने कहा, यमन के स्वास्थ्य क्षेत्र को 392 करोड़ अमेरिकी डलर की नई धनराशि की आवश्यकता है ताकि 129 करोड़ गरीब लोगों को सबसे बुनियादी सेवाएं प्रदान करना जारी रखी जा सके।

### मनीष सिसोदिया ने केजरीवाल को लिखी चिट्ठी

# मुझे डराया, धमकाया और लालच दिया गया, नहीं झुका तो जेल में डाल दिया



**नई दिल्ली , एजेंसी।** मंत्री पद से इस्तीफा देते हुए मनीष सिसोदिया ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तीन पन्नों की चिट्ठी लिखी है। इसमें उन्होंने अपने ऊपर लगे सारे इल्जामों का जवाब देते हुए भाजपा पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने लिखा, मैं इसे अपना बहुत बड़ा सौभाग्य समझता हूं कि मुझे आपके (अरविंद केजरीवाल) नेतृत्व में लगातार आठ वर्षों तक दिल्ली सरकार में मंत्री के रूप में कार्य करने का अवसर मिला। मुझे खुशी है कि पिछले आठ साल में दिल्लीवासियों की जिंद्गी में खुशहाली और समृद्धि लाने का जो काम आपके नेतृत्व में हुआ है, एक मंत्री के नाते मुझे भी उसमें थोड़ी बहुत भूमिका निभाने का अवसर मिला है। विशेषकर शिक्षा मंत्री के रूप में मिली जिम्मेदारी, शायद पिछले जन्मों का कुछ पुण्य रहा होगा जिनके फलस्वरूप मुझे इस जन्म में मां सरस्वती की सेवा का ऐसा महान अवसर मिला।

दिल्ली के लोग अच्छी तरह जानते हैं कि पिछले आठ वर्षों के दौरान एक मंत्री के रूप में मैंने अपना कार्य पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ किया है। दुनिया की कोई ताकत ना मुझसे बेईमानी करा सकती है और ना ही अपने काम के प्रति मेरी निष्ठा कम कर सकती है। यहां तक कि आज अगर मैं खुद भी चाहूं तो भी ना तो किसी काम में बेईमानी कर सकता हूं और ना ही किसी काम से जी चुरा सकता हूं।

यह बहुत दुखद है कि आठ साल तक लगातार ईमानदारी और सत्य निष्ठा के साथ काम करने के बावजूद मेरे ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं। मैं जानता हूं, मेरा ईश्वर जानता है के ये सारे आरोप झूठ है। ये आरोप वस्तुतरू अरविंद केजरीवाल की सच्चाई की राजनीति से घबराए हुए, कायर और कमजोर लोगों की साजिशा से ज्यादा कुछ नहीं है। इनका निशाना मैं नहीं हूं, इनका निशाना आप (अरविंद केजरीवाल) है। क्योंकि आज दिल्ली ही नहीं देश भर की जनता आपको एक ऐसे लीडर के रूप में देख रही है जिसके पास देश के लिए एक विजन है और उस विजन को अमल में लाते हुए लोगों की जिंद्गी में बड़े बदलाव लाने की योग्यता भी है। देशभर में आर्थिक तंगी, गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं से जूझ रहे करोड़ों लोगों की नजर में आज अरविंद केजरीवाल एक उम्मीद का नाम बन चुका है। आपकी बातों को लोग अन्य नेताओं के जुमले के रूप में नहीं देखते बल्कि इस भरोसे के साथ देखते हैं कि केजरीवाल जो कहते हैं वह कर के दिखाते हैं।

मेरे ऊपर कई एफआईआर की गई हैं और अभी कई और करने की तैयारी है। उन्होंने बहुत कोशिश की कि मैं आपका साथ छोड़ दूं। मुझे डराया धमकाया, लालच दिया। जब मैं उनके सामने नहीं झुका तो आज उन्होंने मुझे गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया है। मैं इनकी जेलों से भी नहीं डरता हूं। सच्चाई के रास्ते पर लड़ते हुए जेल जाने वाला मैं दुनिया का पहला आदमी नहीं हूं। मैंने हजारों ऐसे लोगों की कहानियां पढ़ी हैं जो आजादी के लिए लड़ रहे थे और अंग्रेजों ने झूठे और बेबुनियाद मुकदमों में फंसा फंसा कर जेल में डाला था। यहां तक कि फांसी भी लगवाई थी। यह सब लोग मेरी प्रेरणा के स्त्रोत हैं। जब मैं उनके बारे में सोचता हूं तो लगता है आज के समय में तो सच्चाई की लड़ाई लड़ते हुए जेल जाना, उन लोगों द्वारा उठाई गई परेशानी के सामने तो कुछ नहीं है जो अंग्रेजों के जुल्म सहते हुए भी हंसते-हंसते जेल में जाते थे। इसीलिए मेरे मन में जेल जाने का कोई डर नहीं है और फिर सच्चाई की ताकत मेरे साथ है तो मुझे डर कैसा।

मैंने दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में ईमानदारी से काम किया। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे लाखों बच्चों की दुआएं मेरे साथ हैं उनके माता पिता का प्यार मेरे साथ है और सबसे बड़ी बात दिल्ली की शिक्षा में क्रांति लाने वाले हजारों शिक्षकों का आशीर्वाद मेरे सर पर है। मेरे खिलाफ इन्होंने जितने भी आरोप लगाए हैं समय के साथ उनकी सच्चाई सामने आएगी और यह साबित हो जाएगा कि यह सारे आरोप झूठे थे, लेकिन अब जबकि उन्होंने झूठे और बेबुनियाद आरोपों के तहत साजिश रचते हुए तमाम सीमाएं पार कर मुझे जेल में डाल ही दिया है तो मेरी इच्छा है कि मैं अब मंत्री पद पर ना रहा आपके नेतृत्व में दिल्ली सरकार का मंत्री होना और दिल्ली के लोगों के लिए काम करना अपने आप में सौभाग्य और गर्व की बात है लेकिन फिलहाल इस पत्र के माध्यम से मैं अपना त्यागपत्र आपको प्रस्तुत कर रहा हूं. मेरा आपसे अनुरोध है कि आप मेरा त्यागपत्र स्वीकार कर मुझे मंत्री पद की जिम्मेदारियों से मुक्त करें।मैं जानता हूं कि साजिशकर्ता मुझे और आपको परेशान करने के लिए मुझे जेल में डाल रहे हैं लेकिन मैं समझता हूं कि उनकी इन साजिशों से सच्चाई की राजनीति की हमारी लड़ाई और मजबूत होगी। वह हमें और हमारे साथियों को जेल में बंद कर सकते हैं लेकिन हमारे हौसलों को आसमान की ऊंचाइयों को टूने से नहीं रोक सकते। मुझे लगता है मेरे जेल जाने से हमारे साथियों का, हमारे कार्यकर्ताओं का मनोबल और बढ़ेगा व उनके अंदर देश के लिए कुछ करने का जज्बा और और भरेगा।

## बीजेपी का तंज, भ्रष्टाचारियों को भुगतनी होगी पापों की सजा, केजरीवाल भी तैयार रखें इस्तीफा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री सीएम मनीष सिसोदिया और स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। इस पर भाजपा नेताओं ने आम आदमी पार्टी और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तंज करते हुए टिप्पणी की। इस्तीफे के बाद दिल्ली भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने ट्वीट कर लिखा, भाजपा का संघर्ष रंग लाया। आज अरविंद केजरीवाल को शर्म के मारे भ्रष्टाचारी मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन का इस्तीफा लेना पड़ा। शराब घोटाले के असली सूत्रधार केजरीवाल को भी इस्तीफा देना होगा। अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा का संघर्ष जारी रहेगी।

भाजपा सांसद प्रवेश साहिब सिंह ने लिखा, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में दिल्ली की जनता की आज जीत हुई है। आने वाले समय में अरविंद केजरीवाल भी अपना इस्तीफा तैयार रखें। आप के सभी भ्रष्टाचारियों को अपने किए पापों की सजा भुगतनी होगी। आने वाले समय में अरविंद केजरीवाल भी अपना इस्तीफा तैयार रखें।

भाजपा नेता रवि शंकर प्रसाद ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा, सुप्रीम कोर्ट से मनीष सिसोदिया को कोई राहत नहीं मिली और ठीक नहीं मिली। जिन लोगों ने भ्रष्टाचार के नाम पर लड़ाई करते हुए एक नैतिक बल बनाने का दावा किया था। उनका शासन यह है कि दिल्ली में शराब के ठेके बढ़ाओ, शराब पीने की उम्र घटा दो और दक्षिण से उत्तर 100 करोड़ रुपये का मुनाफा लो।

सुप्रीम कोर्ट से मनीष सिसोदिया को कोई राहत नहीं मिली और ठीक नहीं मिली। जिन लोगों ने भ्रष्टाचार के नाम पर लड़ाई करते हुए एक नैतिक बल बनाने का दावा किया था.. उनका शासन यह है कि दिल्ली में शराब के ठेके बढ़ाओ, शराब पीने की उम्र घटा दो और दक्षिण से उत्तर 100 करोड़ रुपये का मुनाफा लो।

आप ने कहा था कि स्कूल खोलेंगे..आप शराब पिला रहे हो। पूरे भारत में ऐसा कहीं नहीं है कि जो शिक्षा मंत्री है वही शराब मंत्री भी है। अब जैसा काम करोगे..वैसी ही गति होगी। जितना भी विषय मीडिया में आया है उससे यह स्पष्ट है कि ये करप्शन का टेक्स्ट बुक केस है। भाजपा इस विषय को देश में उठाएगी।

रवि शंकर ने आगे कहा कि मुझे लगता था कि कट और कमीशन एक ही पार्टी कि विरासत है, लेकिन आज तो कहना पड़ेगा कि केजरीवाल जी की पार्टी के लिए भी है- कट, कमीशन और करप्शन।

## सांसदों को सदन में उठाने चाहिए महत्वपूर्ण मुद्दे, स्वस्थ कार्यवाही का बनें हिस्सा: जगदीप धनखड़

**चेन्नई, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक कार्यक्रम के दौरान उम्मीद जताई कि देश के सांसद, संसद में कार्यवाही के दौरान स्वस्थ चर्चा में भाग लेंगे। साथ ही वो सदन की कार्यवाही बाधित करने से भी परहेज करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्यसभा के सभापति के रूप में यह उनकी जिम्मेदारी है कि वो सदन में अनुशासन सुनिश्चित करें। उन्होंने राज्यसभा में लोकतंत्र के मंदिर में मर्यादा बनाए रखने की आवश्यकता पर भी बल दिया और संसद में अनधित जानकारी देने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन को उचित ठहराया।



उपराष्ट्रपति धनखड़ ने आईआईटी मद्रास के सेंटर फर इनोवेशन उद्घाटन समारोह में बोलते हुए संसद सत्र के दौरान हालिया व्यवधानों का अप्रत्यक्ष रूप से जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह एक स्थायी ढांचा है जिसे भंग नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि यदि कार्यपालिका को जवाबदेह ठहराने के लिए बनी संसद बिना किसी कामकाज के बाधित रही तो यह एक तरह से करदाताओं के पैसे की बर्बादी होगी। उन्होंने देश के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वो एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार करें जिससे लोकतंत्र और संसद की पवित्रता पर आंच न आए।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों के साथ बातचीत में उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि मैं चाहता हूं कि सांसद सदन में अच्छा प्रदर्शन करें, वो राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों को उठाएं। उन्होंने कहा कि राज्यसभा लोकतंत्र का मंदिर है। यहां संवाद, बहस, चर्चा और शिक्षा के केंद्र में बहस होनी चीहिए।

में राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान व्यवधान नहीं पैदा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। स्टार्ट अप इंडिया इंफ्रास्ट्रक्कर आधारित नहीं है। ये यहां के लोगों के दिमाग में पैदा होता है।

## तापमान बढने वाला है, सभी राज्य स्वास्थ्य सुविधाओं पर फोकस करें: केंद्र सरकार

**नई दिल्ली , एजेंसी ।** केंद्र ने कहा है कि मार्च से सभी राज्यों और जिलों में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनपीसीएचएच) के तहत गर्मी से संबंधित बीमारियों की दैनिक निगरानी एकीत स्वास्थ्य सूचना प्लेटफर्म (आईएचआईपी) पर की जाएगी। यह कदम तापमान में वृद्धि को देखते हुए उठाया गया है, जो पहले से ही देश में कुछ स्थानों पर असामान्य रूप से बढ़ा है। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिव को लिखे पत्र में, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने उनसे यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि सभी स्वास्थ्य सुविधाएं मौजूदा पी-फर्म स्तर की लगिन जानकारी का उपयोग करके भाग लें और निर्धारित प्रारूप के अनुसार मामलों और मौतों की सूची जारी करें।भूषण ने पत्र में कहा, मैं आपका ध्यान शगर्मी से संबंधित बीमारियों पर राष्ट्रीय कार्य योजना की ओर आकर्षित करता हूं और आपसे अनुरोध करता हूं कि आप अपने राज्य के सभी जिलों में स्वास्थ्य विभाग और स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रभावी तैयारी के लिए गर्मी के प्रभाव और इसके कारण उत्पन्न होने वाले मामलों के प्रबंधन के लिए इस मार्गदर्शन दस्तावेज का प्रसार करें।

# कांग्रेस से विपक्ष मांग रहा 350 सीटों की कुर्बानी

### सिर्फ छत्तीसगढ़ और राजस्थान से नहीं मिलेगी दिल्ली की कुर्सी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** अधिवेशन में कांग्रेस ने कहा है कि विपक्षी एकता के लिए वह कोई भी कुर्बानी देने को तैयार है। क्षेत्रीय दल भी कांग्रेस से ऐसी ही अपेक्षा रखते हैं, लेकिन प्रश्न है कि कई राज्यों की ड्राइविंग सीट पर बैठे क्षेत्रीय दल कांग्रेस से किस हद तक और कितनी कुर्बानी की मांग कर सकते हैं।

राजद का मानना है कि कांग्रेस को देशभर में सिर्फ दो सौ सीटों पर चुनाव लड़ना चाहिए और जिन राज्यों में क्षेत्रीय दल मजबूत स्थिति में हैं, वहां की कमान उन्हें ही सौंप दी जाए। नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव ने यह फार्मूला कांग्रेस के सामने पहले ही रख दिया था। कांग्रेस



की कुर्बानी वाले बयान पर जदयू को भरोसा नहीं।

जदयू के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव केसी त्यागी उसकी मंशा पर ही सवाल उठाते हैं। तेजस्वी की बातों को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि छोटे दिल से बड़ा काम नहीं होता है। अगर वह बड़ा भाई बने रहना चाहती है तो क्षेत्रीय दलों को सम्मान देना ही होगा। हालांकि, कांग्रेस ने कभी क्षेत्रीय दलों से बात नहीं की। एकता की पहल नहीं की।

भाकपा के राष्ट्रीय सचिव अतुल अंजान ने कांग्रेस को आत्ममंथन करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि सिर्फ राजस्थान और छत्तीसगढ़ के बल पर ही कांग्रेस की दिल्ली की कुर्सी नहीं मिल जाएगी। उसे केरल और बंगाल पर भी मंथन करना चाहिए कि उसने किसके साथ क्या किया।भाजपा से संघर्ष के लिए बिहार फार्मूला सबसे बढ़िया है।

2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 421 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। उसे सिर्फ 52 सीटों पर जीत मिली थी और 209 सीटों पर उसके प्रत्याशी दूसरे नंबर पर आए थे। 148 सीटों पर जमानत जब्त हो गई थी। कांग्रेस की जीती हुई सीटों में कई ऐसी भी थीं, जिनपर उन दलों की हार हुई थी, जिनसे आज एकता की अपेक्षा की जा रही है। जदयू को कांग्रेस ने एक सीट पर एवं वामदलों को 13 सीटों पर शिकस्त दी थी। तेलंगाना राष्ट्र समिति को तीन सीटों पर कांग्रेस से हार हुई थी।

सवाल है कि कांग्रेस के लिए क्षेत्रीय दल क्या उन सीटों पर कुर्बानी देने के लिए तैयार होंगे। इसी तरह कांग्रेस जिन 209 सीटों पर दूसरे नंबर रही थी, उनपर उसे जदयू ने पांच, शिवसेना ने सात एवं टीआरएस ने आठ सीटों पर हराया था। प्रश्न यहां भी वही है कि क्या कांग्रेस उन सीटों पर कुर्बानी देने के लिए तैयार है।

## भाजपा सरकार ने हरियाणा को बेरोजगारी का हब बना दिया: दीपेंद्र हुड्डा

**चंडीगढ़ एजेंसी ।** सांसद दीपेंद्र हुड्डा कहा कि भाजपा सरकार ने हरियाणा को बेरोजगारी का हब बना दिया है। सरकार की गलत नीतियों के चलते युवा देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर झेलने को मजबूर है। हरियाणा की नौकरियां हरियाणवी युवाओं को न मिलकर दूसरे राज्यों के लोगों को दी जा रही हैं। उन्होंने कहा हरियाणा की बीजेपी-जेजेपी सरकार जानबूझकर ऐसी नीतियां बनाती है।

भर्तियों में ऐसी खामियां छोड़ती है जिससे भर्ती जाकर कोर्ट में लटक जाए और सरकार को भर्ती करनी ही न पड़े। इसका जीता जागता उदाहरण टीजीटी के 7471 पदों पर निकली भर्ती है। भर्ती में बैठने का मौका दिए बिना बीजेपी-जेजेपी ने 30,000 एचटीईटी पास युवाओं के सर्टिफिकेट्स को रद्दी में बदल दिया।

सवा 8 साल में इस सरकार ने एक भी एचटेट भर्ती नही निकाली। करीब 1 लाख टेट पास युवा भर्ती का इंतजार कर रहे है।

## भरतपुर के डीग में सिलेंडर फटने से 3 लोग झुलसे

**डीग एजेंसी ।** डीग शहर के नीमघटा मौहल्ले में मंगलवार सुबह सिलेंडर फटने से तीन लोग झुलस गए। उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय लाया गया। चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भरतपुर रेफर कर किया गया। सिलेंडर के धमाके से आसपास इलाके में अफरातफरी मच गई।

# दिल्ली के बाद पंजाब में भी ईडी कर सकती आबकारी नीति की जांच, भाजपा नेता सिरसा ने ट्वीट कर दिया संकेत

**चंडीगढ़ , एजेंसी।** दिल्ली आबकारी नीति में घोटाले की जांच की सुई पंजाब की ओर घूम सकती है। पलिसी में कथित गड़बड़ी को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (म्क) को मनीष सिसोदिया की शिकायत कर चुके भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने इस बात का संकेत दिया। कयास है कि ईडी जल्द पंजाब का रुख कर सकती है।



गौर हो कि सीबीआई ने दिल्ली की शराब नीति पर का-र्रवाई करते हुए वहां के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया है। पंजाब में भी इसी नीति को लागू किया गया है। इसके बाद अब ईडी भी इस मामले में जांच का दायरा बढ़ाते हुए पंजाब में इससे जुड़े लोगों से पूछताछ कर सकती है।

भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने ट्वीट करके दिल्ली की तर्ज पर पंजाब में लागू की गई आबकारी नीति के बारे में बताया। गौर हो कि सिरसा बीते साल ईडी को इस बारे में शिकायत भी भेज चुके हैं। मनजिंदर सिरसा ने दावा किया कि ईडी उनकी शिकायत के बाद कई अधिकारियों को समन भेज चुकी है।

उन्होंने अनुमान जताया कि जल्द ईडी इस पर कार्रवाई कर सकती है। मनजिंदर सिंह सिरसा ने ट्वीट कर जानकारी दी कि दिल्ली में शराब नीति के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद उन्होंने 13 सितंबर 2022 को शिकायत सीबीआई और ईडी को भेजी थी। इसमें इसका खुलासा था कि यह नीति कैसे बनाई गई। इतना ही नहीं, शिकायत में साफ लिखा कि इस नीति को बनाते हुए मनीष सिसोदिया ने दिल्ली में अपने घर में बैठक भी की थी।

**पंजाब के मंत्री और अधिकारी भी पहुंचे थे दिल्ली**

मनजिंदर सिरसा का आरोप है कि मनीष सिसोदिया की तरफ से बुलाई गई बैठकों में पंजाब के आबकारी मंत्री और अधिकारी दिल्ली पहुंचे थे। इतना ही नहीं, होलसेल का काम सिर्फ दो ही पार्टियों को मिले, इसके लिए टेलर मेल भी तैयार की गई, जिसमें ब्रेडको और अनंत वाइंस को सारा काम देने की बात तय हुई।

ब्रेडको पर दिल्ली में भी मामला दर्ज किया गया है। सिरसा का कहना है कि उनकी यह शिकायत ईडी के पास लंबित है। पंजाब के कई अधिकारियों को समन भी किया जा चुका है। उम्मीद है कि जल्द ही पंजाब में भी इस पर बहुत जल्द मामला दर्ज होगा।

शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम मजीठिया ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली शराब नीति घोटाले की चल रही सीबीआई जांच का दायरा पंजाब तक बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि इस पलिसी को बनाने में पंजाब के नेताओं का भी हाथ है। उन्होंने कहा कि मामले में मनी लन्ड्रिंग के आरोपों की अलग से प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जांच की जानी चाहिए। मजीठिया ने ट्वीट किया कि सीबीआई को वरिष्ठ अधिकारियों और आप नेताओं की भूमिका की जांच करनी चाहिए, जिन्होंने राजकोष की कीमत पर चुनिंदा शराब निर्माताओं को भारी लाभ देने के लिए सांठगांठ की। मजीठिया ने कहा कि पार्टी प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जांच एजेंसियों को अपना काम नहीं करने दे रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि जांच उन तक पहुंच सकती है।

## अमेरिकी ट्रेजरी सचिव का कीव का दौरा, यूक्रेन को 12 बिलियन डॉलर अतिरिक्त सहायता की घोषणा

**कीव एजेंसी।** अमेरिकी ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन ने कीव की अपनी औचक यात्रा के दौरान यूक्रेन को आर्थिक सहायता के रूप में 12 अरब डलर से अधिक की अतिरिक्त राशि देने की घोषणा की। सोमवार को राजधानी शहर में आने पर, येलन ने कहा कि उनकी यात्रा यूक्रेन के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए है, उन तरीकों पर चर्चा करें जिनसे हम अपना समर्थन जारी रख सकते हैं, जिसमें आर्थिक सहायता भी शामिल है।

अपनी घोषणा में, उन्होंने कहा कि अमेरिका को यूक्रेन का सबसे बड़ा द्विपक्षीय दाता होने पर गर्व है और अब तक, वाशिंगटन ने युद्धग्रस्त राष्ट्र को सुरक्षा, आर्थिक और मानवीय सहायता के रूप में करीब 50 अरब डलर प्रदान किए हैं।

उन्होंने एक बयान में कहा,आज, मुझे 12 बिलियन डलर से अधिक की अतिरिक्त राशि के हस्तांतरण की घोषणा करने पर गर्व है। यह प्रत्यक्ष बजट सहायता में लगभग 10 बिलियन डलर की पहली किश्त है, जो आने वाले महीनों में अमेरिका प्रदान करेगा।

बाद में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ अपनी टिप्पणी में उन्होंने कहा कि यह लड़ाई हमारी लड़ाई है, हमारे लोकतंत्र के साझा मूल्यों व आत्मनिर्णय के अधिकार की लड़ाई है।

# मयंक करेंगे शेष भारत की कप्तानी



मुंबई ,। कर्नाटक के सलामी बल्लेबाज और कप्तान मयंक अग्रवाल एक मार्च से होने वाले ईरानी कप मैच में शेष भारत की कमान संभालेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने सोमवार को इसकी घोषणा की।

शेष भारत टीम ग्वालियर के रूप सिंह स्टेडियम पर रणजी ट्रॉफी 2021–22 चैंपियन मध्य प्रदेश का सामना करेगी। यह मुकाबला पहले इंदौर में होने वाला था लेकिन भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट इंदौर स्थानांतरित होने के कारण ईरानी कप को ग्वालियर ले जाना पड़ा।

शाह ने बताया कि सरफराज खान अपनी बायीं छोटी उंगली में हेयरलाइन फ्रैक्चर के कारण चयन के लिये उपलब्ध नहीं थे। अखिल भारतीय चयन समिति ने उनके प्रतिस्थापन के रूप में बाबा इंद्रजीत को स्चड में शामिल किया है।मयंक हाल ही में समाप्त हुई रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उनके साथ अभिमन्यू ईश्वरन पारी की शुरुआत करेंगे। दोनों ही खिलाड़ी भारतीय टेस्ट टीम में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहे हैं। मयंक ने भारत के लिये अपना आखिरी मुकाबला पिछले साल जून में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। ईश्वरन को दिसंबर 2022 में बंगलादेश के विरुद्ध हुई टेस्ट सीरीज के लिये 15–सदस्यीय स्चड में शामिल किया गया था, हालांकि उन्हें एकादश में मौका नहीं मिल सका था।

सुदीप कुमार घरामी, यशस्वी जायसवाल, बाबा इंद्रजीत और यश ढुल शेष भारत के शीर्ष क्रम को मजबूती प्रदान करेंगे। इस साल रणजी खिताब जीतने वाली सौराष्ट्र टीम से सिर्फ विकेटकीपर–सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई और वामहस्त तेज गेंदबाज चेतन सकारिया को शेष भारत में जगह दी गयी है। सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनाडकट ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध जारी टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा हैं, इसलिये उन्हें शेष भारत में जगह नहीं दी गयी।शेष भारत टीम : मयंक अग्रवाल (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, यशस्वी जायसवाल, यश ढुल, बाबा इंद्रजीत, उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), अतीत सेठ, सौरभ कुमार, हार्विक देसाई, नवदीप सैनी, मुकेश कुमार, चेतन सकारिया, आकाश दीप, मयंक मारकंडे , पुलकित नारंग, सुदीप कुमार घरामी।

## भारतीय पिचों पर डिफेंस पर भरोसा जरूरी : भरत

इंदौर ,। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज श्रीकर भरत ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध होने वाले तीसरे टेस्ट से पहले कहा कि भारतीय पिचों पर खेलते हुए किसी भी खिलाड़ी को अपने डिफेंस पर भरोसा करना जरूरी होता है।

भरत ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, रोहित भाई ने मुझसे कहा कि मैं (दिल्ली टेस्ट में) छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने जाऊंगा। मैं ऑस्ट्रेलिया के ऑलआउट होते ही बल्लेबाजी के लिये तैयार हो गया था। एक खिलाड़ी के तौर पर आप कभी नहीं सोच सकते कि आपको बल्लेबाजी का मौका नहीं मिलेगा। सौभाग्य से उस दिन मुझे बल्लेबाजी मिली।

ऑस्ट्रेलिया ने दिल्ली में खेले गये दूसरे टेस्ट में भारत के सामने सिर्फ 115 रन का लक्ष्य रखा था, हालांकि इस लक्ष्य तक पहुंचते हुए भारत ने चार विकेट गंवा दिये। अपना दूसरा टेस्ट खेल रहे भरत ने मौका मिलने पर 22 गेंद पर तीन चौकों और एक छक्के के साथ 23 रन की नाबाद पारी खेली।

उन्होंने कहा, आपके खेलने के रवैये से कोई परेशानी नहीं होती। इन पिचों पर शॉट चयन महत्वपूर्ण होता है।

# डब्ल्यूपीएल : मूनी बनीं गुजरात जायंट्स की कप्तान



नयी दिल्ली ,। विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की फ्रेंचाइजी गुजरात जायंट्स ने टूर्नामेंट के पहले सत्र के लिये ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी को टीम की कमान सौंपी है। जायंट्स ने जारी विज्ञप्ति में इसकी पुष्टि की।

भारतीय हरफनमौला स्नेह राणा को उपकप्तान नियुक्त किया गया है।मूनी ने नयी जिम्मेदारी मिलने पर कहा, मैं ऐतिहासिक विमेंस प्रीमियर लीग के उद्घाटन सत्र में गुजरात जायंट्स की कप्तानी करने का अवसर पाकर बेहद खुश हूं। हमारी टीम मैदान पर उतरने और दमदार क्रिकेट खेलने के लिये उत्सुक है और उम्मीद है कि हम ट्रॉफी जीत सकेंगे।

गुजरात जाइंट्स कप्तान की घोषणा करने वाली तीसरी फ्रेंचाइजी है। इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को नामित कर चुकी है, जबकि यूपी वारियर्स ने ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर–बल्लेबाज एलिसा हीली को अपने संबंधित कप्तान के रूप में नियुक्त किया है। मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स ने अभी तक अपने कप्तानों की घोषणा नहीं की है।

महिला प्रीमियर लीग का आयोजन चार से 26 मार्च तक मुंबई में होना है। गुजरात जाइंट्स लीग के पहले दिन अपना पहला मैच शनिवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी।जायंट्स स्चड : बेथ मूनी (कप्तान), स्नेह राणा (उपकप्तान), एशले गार्डनर, सोफिया डंकली, एनाबेल सदरलैंड, हरलीन देओल, डिआंड्रा डॉटिन, सबभिनेनी मेघना, जॉर्जिया वेयरहम, मानसी जोशी, दयालन हेमलता, मोनिका पटेल, तनुजा कंवर, सुषमा वर्मा, हर्ले गाला, अश्विनी कुमारी, परुणिका सिसोदिया, शबमन शकील।

# लियोनेल मेसी ने जीता फीफा बेस्ट प्लेयर का अवॉर्ड, एम्बाप्पे को दी मात



पेरिस ,। अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता फुटबॉलर लियोनेल मेसी को एक बार फिर से फीफा बेस्ट प्लेयर का अवॉर्ड मिला है।

उन्होंने फ्रांस के एम्बाप्पे को पीछे छोड़ा। पेरिस के सैले में समारोह के दौरान मेसी ने कहा कि इतने लंबे संघर्ष के बाद और उसके पीछे जाने और इतना जोर देने के बाद अपने सपने को हासिल करने में सक्षम होना मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। वहीं, लगातार दूसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी स्पेन की अलेक्सिया पुटेलस रहीं।कतर में पिछले साल एम्बाप्पे के फ्रांस के खिलाफ एक ऐतिहासिक फाइनल में अर्जेंटीना को विश्व कप की ट्रॉफी दिलाने के बाद मेसी ने एम्बाप्पे और करीम बेंजेमा के खिलाफ 14 साल में सातवीं बार फीफा पुरस्कार हासिल किया है। उन्हें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए सबसे ज्यादा वोट मिले हैं।

तीन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम के कप्तानों और कोचों के एक वैश्विक पैनल, फीफा के 211 सदस्य देशों में से प्रत्येक में चयनित पत्रकारों, ऑनलाइन प्रशंसकों द्वारा वोटिंग में अंतिम शॉर्टलिस्ट किया था। 35 वर्षीय मेसी ने विश्व कप के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए फीफा द्वारा दी जाने वाली गोल्डन बॉल ट्रॉफी की रेस में एम्बाप्पे को हरा दिया।

पुटेलस ने संयुक्त राज्य अमेरिका की एलेक्स मॉर्गन और बेथ मीड को हराकर पुरस्कार अपने नाम किया, जिन्होंने 2022 में इंग्लैंड को यूरोपीय चैम्पियनशिप खिताब दिलाया।

बार्सिलोना की प्लेमेकर पुटेलस ने यूरो कप से कुछ दिन पहले चोटिल होने और टूर्नामेंट से बाहर होने के बावजूद फिर से शीर्ष तीन में जगह बनाई।

## डॉक्टरों, मरीज़ों ने खेला दोस्ताना मैच

नयी दिल्ली । भारत के सबसे बड़े डायलिसिस नेटवर्क नेफ्रोप्लस ने दुनिया के एकमात्र ह्यडायलिसिस ओलंपियाड 2023ह्ल की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए डायलिसिस के मरीजों और उनके डॉक्टरों के बीच एक दोस्ताना क्रिकेट मैच का आयोजन किया।मुख्य आयोजन से पहले शहीद भगत सिंह कॉलेज में हुए इस दोस्ताना मैच का लक्ष्य डायलिसिस के मरीजों को सामान्य जीवन जीने के लिये प्रोत्साहित करना था।विश्व किडनी दिवस पर देशभर में डायलिसिस के मरीजों का उत्साह बढ़ाने के लिये सभी प्रतिभागियों ने नेफ्रोप्लस के प्रमुख कार्यक्रम डायलिसिस ओलंपियाड 2023 के चौथे सीजन का स्वागत किया।देशभर से डायलिसिस के मरीज पांच मार्च को होने वाले ओलंपियाड में भाग ले सकते हैं और नामांकन करवा कर साइकिलिंग, वॉकाथन, बैडमिंटन, कैरम, टेबल टेनिस, म्युजिकल चेयर्स एवं गिल्ली–डंडा जैसे खेलों में अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं।

# न्यूजीलैंड ने रचा इतिहास, फॉलोऑन खेलकर 1 रन से जीता वेलिंग्टन टेस्ट



वेलिंग्टन । टेस्ट क्रिकेट में फॉलोऑन खेलना बड़े शर्म की बात मानी जाती है, लेकिन फॉलोऑन खेलकर मुकाबला जीतना ऐतिहासिक काम होता है। 150 साल के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अभी तक चार ही बार ऐसा हुआ है, जब किसी टीम ने फॉलोऑन खेलने के बाद मुकाबला जीता है। न्यूजीलैंड की टीम तीसरी ऐसी टीम है, जिसने फॉलोऑन खेलने के बावजूद टेस्ट मैच में जीत हासिल की है।

दरअसल, न्यूजीलैंड की टीम को अपनी मेजबानी में खेली जा रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में वेलिंग्टन के मैदान पर पहली पारी में 226 रनों से पिछड़ने के बाद फॉलोऑन खेलना पड़ा था। हालांकि, मेजबान टीम ने इसका भरपूर फायदा उठाया, क्योंकि इंग्लैंड के गेंदबाज करीब 54 ओवर गेंदबाजी कर चुके थे। उनके खिलाफ कीवी टीम ने तेजी से रन बनाए।

इस मैच में इंग्लैंड की टीम ने पहली पारी में 8 विकेट खोकर 435 रन पर पारी घोषित की थी। इसके बाद न्यूजीलैंड की टीम 209 रन पर ढेर हो गई, लेकिन तीसरी पारी में और फॉलोऑन खेलते हुए अपनी लगातार दूसरी पारी में न्यूजीलैंड की टीम ने 483 रन बनाए। इस तरह इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 258 रनों का लक्ष्य था, जिसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 256 रनों पर ढेर हो गई और मैच 1 रन से हार गई। इस तरह दो मैचों की सीरीज 1–1 की बराबरी पर समाप्त हुई।

फॉलोऑन का सामने करने के बावजूद टेस्ट मैच जीतने वाली न्यूजीलैंड की टीम विश्व की तीसरी टीम है। इससे पहले इंग्लैंड की टीम ने दो बार फॉलोऑन खेलते हुए टेस्ट मैच जीते हैं, जबकि एक बार भारत की टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराया है।

इंग्लैंड ने दोनों बार ऑस्ट्रेलिया को हराया था। अब न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को हरा दिया है। वहीं, इंग्लैंड पहली ऐसी टीम है, जिसने फॉलोऑन खेलते हुए भी जीत हासिल की है और फॉलोऑन देकर मात भी झेली है।

## फिल्मी सफर

# कन्नड सिनेमा की एक और ब्लॉकबस्टर, ध्रुव सरजा की मार्टिन के टीजर ने उड़ाए होश

हिन्दी सिनेमा को दक्षिण भारत का क्षेत्रीय सिनेमा जमकर टक्कर दे रहा है। पिछले कुछ सालों में क्षेत्रीय सिनेमा ने जिस तरह से हिन्दी भाषी दर्शकों को अपने साथ जोड़ने में कामयाबी प्राप्त की है उससे हिन्दी सिनेमा ने अभी तक कोई सबक नहीं लिया है। वहाँ का कथानक, कहानी का अंदाज और प्रस्तुतीकरण जुदा है। आरआरआर हो या फिर केजीएफ सीरीज, इन फिल्मों ने हिंदी दर्शकों की बेस्ट मूवीज ऑन स्क्रीन देखने की प्यास को बढ़ा दिया है। जिसका भरपूर फायदा साउथ सिनेमाई इंडस्ट्री उठा रही है।

आने वाले समय में दक्षिण की कई ऐसी फिल्में हैं जो उत्तर भारत में धूम मचाने को तैयार हैं। हिन्दी सिनेमा को तमिल, तेलुगू से ज्यादा खतरा कन्नड़ सिनेमा से है। गत वर्ष आई कन्नड सिनेमा की केजीएफ–2 और कांतारा ने इस बात को साबित कर दिया है।

केजीएफ और कांतारा के बाद हिन्दी भाषी दर्शकों को एक और कन्नड़ फिल्म अपना दीवाना बनाने आ रही है। यह फिल्म है अभिनेता ध्रुव सरजा की मार्टिन, जिसे निर्माता पैन इंडिया, हिन्दी, कन्नड, मलयालम, तमिल और तेलुगू–में प्रदर्शित करने जा रहा है। आज इस फिल्म का हिन्दी भाषा में टीजर जारी किया गया है, जिसे देखने के बाद यह कहा जा सकता है कि यह फिल्म हिन्दी भाषी दर्शकों को एक नया अनुभव प्रदान करेगी।


यह एक धमाकेदार एक्शन फिल्म है। जिसे निर्माता इसी साल प्रदर्शित करने वाले हैं। इस फिल्म के टीजर को देखने के बाद आप इसके प्रदर्शन का बेसब्री से इंतजार करेंगे।

इतना ही नहीं, मार्टिन के साथ कन्नड़ फिल्म स्टार किच्चा सुदीप, संदीप किशन और श्रिया सरन स्टारर फिल्म कब्जा भी जल्दी ही हिंदी सिनेमाघरों में धमाका करने की तैयारी कर रही है। ये दोनों ही पैन इंडिया रिलीज फिल्में हैं। जिन्हें मेकर्स हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में एक साथ रिलीज करेंगे।

लुभावने दृश्य और एक्शन सेट तुरंत आपका ध्यान खींच लेते हैं। ढाई मिनट का टीजर पाकिस्तानी सेना के साथ एक क्रूर आदमी के बारे में बातचीत के साथ शुरू होता है, जो जल्द ही मार्टिन (ध्रुव सरजा) के रूप में सामने आता है। उन्हें बेहद कड़ी सुरक्षा के साथ कुछ सख्त सेलुलर जेल में लाया जाता है।

लेकिन भारत का यह पागल सा बहादुर जल्द ही अन्य कैदियों और सुरक्षा गार्डों को अपनी क्रूर ताकत दिखाता है।

टीजर में कार चेज सीक्वेंस की कुछ झलकियां भी दिखाई गई हैं। एक और पहलू जो तुरंत आपका ध्यान खींचता है वह है अभिनव कैमरावर्क। कुल मिलाकर,



टीजर ने पहले ही फिल्म से दर्शकों की उम्मीदें बढ़ा दी हैं।

## शाहरुख खान की पठान का परचम बुलंद, फिर बढ़ी फिल्म की कमाई की स्पीड



बॉलीवुड इंडस्ट्री के सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म पठान को सिनेमाघरों में एक महीने से ज्यादा का समय हो गया है। इस फिल्म के कलेक्शन में गिरावट आई है लेकिन वीकेंड पर एक बार फिर उछाल आया है। इस फिल्म ने अपनी रिलीज के 32वें दिन भी करीब 2 करोड़ रुपये की कमाई की है। जबकि, शाहरुख खान की फिल्म के सामने बॉलीवुड की दो बड़ी फिल्में सेल्फी और शहजादा भी सिनेमाघरों में लगी हुई है। शाहरुख खान की फिल्म पठान 25 जनवरी, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म ने भारत में 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा काफी पहले पार कर लिया था। वहीं, फिल्म वर्ल्डवाइड 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा भी पार कर चुकी है। शाहरुख खान की फिल्म ने अपनी रिलीज के 32वें दिन यानी बीते शुक्रवार को 1.95 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इस तरह से अब तक फिल्म की हिंदी में कुल कमाई 505.05 करोड़ रुपये हो चुकी है।

## सोनू के टीटू की स्वीटी ने पूरे किए पांच साल



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की नवीनतम फिल्म शहजादा 17 फरवरी को रिलीज हुई है। उन्होंने अपनी फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी की पांचवीं वर्षगांठ पर एक नजर डाली है। अभिनेता ने इस अवसर पर एक प्यारा सा थ्रोबैक साझा किया। कार्तिक ने अपने सोशल मीडिया पर गुरुवार को सोनू के टीटू की स्वीटी का क्लाइमेक्स सीन साझा किया और इसके पांच साल पूरे होने पर फिल्म के बेहद लोकप्रिय दोस्ती गीत तेरा यार हूं मैं की एक झलक भी साझा की।


उन्होंने फिल्म की यादों को ताजा करते हुए कैप्शन में लिखा, 5 साल पहले यह दिन फ्रेंडशिप डे में बदल गया था और सोनू हमारी जिंदगी का एक अविभाज्य हिस्सा बन गया। थैंक यू सोनू को अपने दिल से लगाने के लिए हैसटैगसोनू के टीटू की स्वीटी के 5 साल। इस बीच, शहजादा, जिसमें कृति सेनन भी हैं, अल्लू अर्जुन की तेलुगू ब्लॉकबस्टर अला वैकुंठप्रेमुलू की आधिकारिक रीमेक है।

फिल्म में परेश रावल, मनीषा कोइराला, रोनित रॉय, राजपाल यादव, अंकुर राठी और सनी हिंदुजा भी हैं। काम के मोर्चे पर, कार्तिक अगली बार सत्यप्रेम की कथा, आशिकी 3 और कबीर खान की अगली अनटाइटल्ड फिल्म में दिखाई देंगे।

## हॉलीवुड क्रिटिक्स असोसिएशन अवॉर्ड्स में छाई आरआरआर

एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर दुनियाभर में कमाई, सम्मान और पुरस्कार पा रही है। यह सिलसिला रुकता हुआ नजर नहीं आ रहा है। फिल्म ने बीते दिनों कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों की सूची में अपनी जगह बनाई। इन पुरस्कार कार्यक्रमों में राजामौली दुनियाभर के दिग्गज फिल्ममेकर्स से मिले। अब फिल्म ने हॉलीवुड क्रिटिक्स असोसिएशन अवॉर्ड में कई श्रेणियों में पुरस्कार अपने नाम किए। इस समारोह में राजामौली, रामचरण और एमएम कीरवानी मौजूद रहे।

ऑस्कर से पहले हॉलीवुड क्रिटिक्स असोसिएशन अवॉर्ड्स में आरआरआर की धूम देखने को मिली। यहां आरआरआर को कई श्रेणियों में पुरस्कार मिले। फिल्म को बेस्ट इंटरनैशनल फिल्म चुना गया। राजामौली और रामचरण ने यह पुरस्कार लिया। बेस्ट सॉन्ग के लिए नाटू–नाटू को चुना गया और एक बार फिर से एमएम कीरवानी अंतरराष्ट्रीय मंच पर नजर आए। इनके अलावा फिल्म को बेस्ट स्टंट और बेस्ट एक्शन की श्रेणी में भी सम्मानित किया



गया। इन पुरस्कारों से राजामौली गदगद नजर आए।बेस्ट एक्शन फिल्म का पुरस्कार लेते हुए राजामौली ने अपने स्टंट कोरियोग्राफर का जिक्र किया। उन्होंने कहा, यह बेस्ट एक्शन फिल्म है। हमने बेस्ट स्टंट भी जीता है, लेकिन सही मायनों में बेस्ट स्टंट का पुरस्कार स्टंट कोरियोग्राफर को मिलना चाहिए। मुझे खुशी होती अगर वो यहां होते। उनकी टीम हमारा मनोरंजन करने के लिए अपनी जान पर खेलती है। मैं सभी मुख्य पुरस्कार समितियों से निवेदन करना चाहूंगा कि वे स्टंट कोरियोग्राफर के लिए एक अलग श्रेणी बनाएं।

आरआरआर कई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है। फिल्म के गाने नाटू–नाटू को बेस्ट ऑरिजनल सॉन्ग के लिए गोल्डन ग्लोब पुरस्कार मिला था। इसके अलावा यह गाना इसी श्रेणी में ऑस्कर के लिए भी नामांकित है। हाल ही में फिल्म को क्रिटिक्स चॉइस सुपर अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्शन फिल्म और बेस्ट एक्टर इन एक्शन मूवी के लिए नामांकित किया गया है। इस श्रेणी में जूनियर एनटीआर और रामचरण का मुकाबला निकोलस केज, टॉम क्रूज और ब्रैड पिट से होगा।

ऑस्कर पुरस्कार की घोषणा 12 मार्च को होने वाली है। इससे पहले इस फिल्म को अमेरिका में फिर से रिलीज करने का फैसला लिया गया है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com